दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 319

ग्वालियर, सोमवार 08 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में भाग लिया

शिमला। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में भाग लिया। बैठक में कृषि उत्पादन एवं फसल विविधीकरण में आत्मनिर्भर होने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और नगर निकाय प्रशासन जैसे मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में 1010 करोड़ रुपये की हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण योजना क्रियान्वित की जा रही है और मशरूम की खेती विशेषकर शिटाके और ढींगरी किस्मों को बढ़ावा देने के लिए बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि गत साढ़े चार वर्षों के दौरान प्रदेश के 31,584 बागवानों को राज्य प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत कवर किया गया है, जबकि 4.15 लाख बागवानों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए 3590 ग्राम पंचायतों को प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अन्तर्गत लाया गया है और किसानों

ने रासायनिक खाद के जगह प्राकृतिक खाद को अपनाकर लगभग 9.75 करोड़ रुपये की बचत की है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि उत्पाद बेचने के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ के अलावा प्रदेश भर में 10 विक्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक की मदद से आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए दलहन, तिलहन और अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जय राम ठाकुर ने प्रधानमंत्री से हाल ही में घोषित स्वयं प्रभा के तहत कुल 200 चैनलों में से हिमाचल प्रदेश को 5 टीवी चैनल आवंटित करने का आग्रह किया। यह उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालयों का सकल नामांकन अनुपात शत-प्रतिशत है। जबकि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मामले में यह 85.6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यदि वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर तकनीकी संस्थानों को जोड़ दिया जाए तो यह अनुपात 98.8 प्रतिशत हो जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के 14 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को शिक्षा एवं निःशुल्क आवासीय सुविधा के अलावा कौशल शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा डेटाबेस का डिजिटिकरण किया जा रहा है।

नीति आयोग की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे शिंदे, मंत्रिमंडल गठन पर हो सकती हैं चर्चा

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल गठन की चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिल्ली पहुंचे हैं। एकनाथ शिंदे रविवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शिरकत करने वाले है। शिंदे शनिवार को दिल्ली पहुंचे। जानकारी के मुताबिक शिंदे नीति आयोग की बैठक में शामिल हो रहे हैं। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र के मंत्रिमंडल गठन को लेकर उनकी मुलाकात भाजपा के बड़े नेताओं से भी हो सकती है। महाराष्ट्र में 35 दिन से ज्यादा का समय हो गया है, जब मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शपथ ली, लेकिन अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो सका है। दिल्ली पहुंचने पर शिंदे ने कहा कि वहां नीति आयोग की बैठक में शामिल होने दिल्ली आए हैं और कोई खास वजह नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जो पहले से ही दिल्ली में मौजूद हैं, उनकी भाजपा के बड़े नेताओं से मंत्रिमंडल गठन को लेकर चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि मंत्रियों की लिस्ट तैयार हो चुकी है, बस विभागों को लेकर आलाकमान की मुहर लगना बाकी है।

आकाश के सफर पर निकली अकासा एयर, मुंबई से भरी पहली उड़ान, सिंधिया ने किया उद्घाटन

मुंबई। देश के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला की की नई उड़ान अकासा एयर ने आज मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर अपनी पहली उड़ान के साथ परिचालन शुरू कर दिया है। अकासा एयर की पहली कर्मशियल विमान सेवा आज 7 अगस्त से शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने एमओएस जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) के साथ किया। इस उड़ान और इसकी अन्य वाणिज्यिक उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग 22 जुलाई से शुरू हो गई थी। इसका प्रारंभिक नेटवर्क अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई और कोच्चि में है। 7 जुलाई को अकासा एयर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अपना एयर ऑपरेटर प्रमाणपत्र मिला था। एयरलाइन ने 22 जुलाई से ही अपनी पहली उड़ान के टिकटों की बिक्री भी शुरुआत कर दी थी। अकासा एयर अभी दो 737 मैक्स विमानों के साथ परिचालन की शुरुआत कर रही है। उद्घाटन चरण में अकासा एयर, जिसका एयरलाइन कोड क्यूपी है, 7 अगस्त, 2022 से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 28 साप्ताहिक उड़ानों की पेशकश करके अपना परिचालन शुरू किया।

इंदौर का परिवार बड़वाह में नदी किनारे मना रहे थे पिकनिक अचानक आई बाढ़ में बही 13 लग्जरी कारें

बड़वाह। खरगोन जिले के बड़वाह के पास काटकूट नदी में अचानक आई बाढ़ में 13 लग्जरी कारें डूब गई। इनमें से 3 कारें बहकर काफी आगे चली गई। दरअसल इंदौर से आए कुछ परिवार नदी में पानी कम होने पर किनारे पर पिकनिक मना रहे थे। कोई टेबल कुर्सी पर खाना खा रहा था, तो कोई खाली नदी में कार घुमा रहा था। तभी अचानक नदी में जलस्तर बढ़ गया। अचानक आई बाढ़ ने इन्हें संभलने का मौका ही नहीं दिया। सब अपने सामान नदी में छोड़कर भाग गए। पानी के तेज बहाव में इनकी कारें और सामान तिनकों की तरह बह गए।

घटना रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इन लोगों की मदद की। ट्रैक्टर और रस्सियों की मदद से नदी में फंसी कारों को निकाला। अच्छी बात ये रही कि सभी लोग सुरक्षित हैं।

बलवाड़ा टीआई एसआर चौहान ने बताया कि सुबह से इंदौर के लोग, महिलाओं और बच्चों के साथ पार्टी करने यहां आए थे। इसी दौरान ऊपरी क्षेत्र से अचानक नदी में पानी बढ़ गया। लोगों को कार निकालने का मौका नहीं मिला। 3 गाड़ी बह गई हैं। अब तक 4 गाड़ी निकाली जा चुकी हैं। 6 गाड़ियों को निकालने का प्रयास जारी है।

दिल्ली में बारिश से मौसम हुआ सुहाना, अभी जारी रहेगा बारिश का यह दौर

नई दिल्ली। दिल्ली में पिछले 2 दिनों से हल्की मध्यम बारिश देखने को मिल रही है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में 7 अगस्त को भी बारिश हुई है। बारिश की गतिविधियों के बीच दिल्ली के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 92 दर्ज की गई थी। दिल्ली में सोमवार को भी हल्की बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मौसम पूर्वानुमान निजी एजेंसी के अनुसार, मॉनसून की ट्रफ उत्तर की ओर आ चुका है। यही वजह है कि पिछले दो-तीन दिनों से दिल्ली में ठीक-ठाक बारिश देखी जा रही है। हालांकि, बारिश की वजह से एनसीआर के कई इलाकों में भारी जलजमाव देखने को मिला है। वहीं, कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की भी स्थिति नजर आई. मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी बारिश देखने को मिल सकती है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी है, इससे उमस में और कमी आएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में अब मौसमी गतिविधियां कम होने वाली हैं, लेकिन दिल्ली एनसीआर में हल्की फुल्की बारिश अभी जारी रहेगी।

देश के 14वें उप राष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़, निर्वाचन आयोग ने जारी किया प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार (राजग) जगदीप धनखड़ को चुने जाने की घोषणा करते हुए रविवार को एक प्रमाण जारी कर दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने जगदीप धनखड़ के लिए जारी निर्वाचन प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए। निर्वाचन आयोग ने बताया कि वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ प्रधान सचिव नरेंद्र एन बुटोलिया ने प्रमाण पत्र की एक हस्ताक्षरित प्रति केंद्रीय गृह सचिव को सौंपी। यह प्रति 11 अगस्त को नए उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह के समय पढ़ी जाएगी। निवर्तमान उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त होगा। पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में शनिवार को विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को पराजित किया। एकतरफा मुकाबले में धनखड़ को कुल 528 मत मिले, जबकि अल्वा को सिर्फ 182 वोटों से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में कुल 725 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 710 वोट वैध पाए गए, 15 मतपत्रों को अवैध पाया गया।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कुल 55 सांसदों ने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग नहीं किया। इनमें से टीएमसी के 34 सांसद शामिल थे। हालांकि टीएमसी के दो सांसदों शिशर और दिव्येंदु अधिकारी ने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के आदेश के बावजूद वोटिंग में हिस्सा लिया। इसके अलावा एसपी और शिवसेना के 2 और बीएसपी के 1 सांसद ने भी वोटिंग नहीं की। भाजपा के 2 सांसदों सनी देओल और संजय धोत्रे ने भी स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण पीपीई किट पहनकर संसद भवन पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

इजरायल एयर स्ट्राइक से इस्लामिक जिहाद के दो शीर्ष कमांडर ढेर, गाजा पट्टी में अब तक 24 मौतें

गाजा सिटी। इजरायल और फिलीस्तीन के बीच जारी तनाव कम नहीं हो रहा। इजराइल की ओर से गाजा पट्टी में किए गए एयर स्ट्राइक में फलस्तीन के उग्रवादी समूह इस्लामिक जिहाद के दो टॉप कमांडर ढेर हो गए हैं। दोनों में से एक दक्षिण गाजा पट्टी का टॉप कमांडर था। इससे एक दिन पहले इजरायल ने ईरान समर्थित समूह के उत्तरी गाजा क्षेत्र के एक कमांडर को हवाई हमले में मार गिराया था। इस हवाई हमले से 2021 में 11 दिन तक चले युद्ध के बाद इजराइल और फलस्तीनी उग्रवादियों के बीच फिर से सीमा पार संघर्ष शुरू गया है।

%अल कायदा ब्रिगेड्स ऑफ इस्लामिक जिहाद% ने रविवार को पुष्टि की कि दक्षिणी गाजा के रफाह शहर में हवाई हमले में कमांडर खालिद मंसूर तथा उसके दो साथी मारे गए।

उसने बताया कि एक बच्चे तथा तीन महिलाओं समेत पांच अन्य नागरिक भी हवाई हमले में मारे गए तथा रफाह में कई मकान नष्ट हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार देर रात कहा कि तटीय गाजा पट्टी में अभी तक छह बच्चों समेत 24 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसी संभावना है कि इसमें रफाह हवाई हमले में मारे गए लोगों की संख्या शामिल नहीं है क्योंकि नागरिक रक्षा बचावकर्ता अब भी शवों को निकाल रहे हैं। इजरायल का कहना है कि उसके हवाई हमलों में करीब 15 आतंकवादी मारे गए हैं। इस्लामिक जिहाद के उग्रवादी इजरायल की ओर लगातार रॉकेट दाग रहे हैं और इजरायली सेना गाजा पर हवाई हमले कर रही है। हालांकि, रविवार सुबह गोलीबारी थोड़ी कम हुई। इजरायल की ओर से इस्लामिक जिहाद के वरिष्ठ कमांडर को मार गिराए जाने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई। शनिवार को इजरायल के युद्धक विमानों ने गाजा सिटी में चार रिहायशी इमारतों को नष्ट कर दिया। ये सभी इमारतें इस्लामिक जिहाद से संबद्ध बताई जाती हैं। अभी हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रत्येक हमले से पहले इजराइली सेना ने नागरिकों को आगाह किया था।

इसरो के नए लांच व्हीकल एलएसएलवी-डी1 का सफल प्रक्षेपण

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार सुबह 9~18 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से अपने पहले लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएसएलवी-डी1 को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-02) और छात्र-निर्मित एक उपग्रह, 'आजादीसैट' के साथ लांच किया है। रॉकेट ने सही तरीके से काम करते हुए दोनों सैटेलाइट्स को उनकी निर्धारित कक्षा में पहुंचा दिया। रॉकेट अलग हो गया, लेकिन उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया।

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर लगातार डेटा लिंक हासिल करने का प्रयास कर रहा है। हम जैसे

ही लिंक स्थापित कर लेंगे, सूचित करेंगे। एसएसएलवी के जरिए इसरो ने जिन दो सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया है, उनमें ईओएस02 एक अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट हैं। जो 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा। इसका वजन 142 किलोग्राम है। इसमें मिड और लॉन्ग वेवलेंथ इंफ्रारेड कैमरा लगा है। जिसका रेजोल्यूशन 6 मीटर है। यानी ये रात में भी निगरानी कर सकता है। आजादीसैट सैटेलाइट्स स्पेसकिड्स इंडिया नाम की देसी निजी स्पेस एजेंसी का स्टूडेंट सैटेलाइट है। इसे देश की 750 लड़कियों ने मिलकर बनाया है। अपने भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी), भूस्थैतिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के माध्यम से सफल अभियानों को अंजाम देने में एक खास जगह बनाने के बाद इसरो ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) को पहला प्रक्षेपण किया। एसएसएलवी का फुल फॉर्म है।

खास खबर

गर्भवती पत्नी हुई गायब, परेशान पति ने थाने में पिया जहर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पत्नी के लापता होने से दुखी पति ने जहर खाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। पीड़ित की गर्भवती पत्नी बीती 16 जुलाई से गायब है। पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस महिला को बरामद नहीं कर सकी है। पूरा मामला गाजियाबाद का है, जहां पर सुमित नाम के शख्स की बीवी 16 जुलाई से लापता है। पीड़ित की लापता पत्नी गर्भवती भी है।लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिलने पर फरियादी रविवार सुबह 11~00 बजे पुलिस ऑफिसर के पास पहुंच गया और जेब से शीशी निकालकर जहरीला पदार्थ पी गया। आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। दरअसल, फरियादी सुमित निवाड़ी का रहने वाला है।सुमित ने शिकायत में बताया कि उसकी इसी साल मार्च में शादी हुई थी। इसके बाद जून में उसकी पत्नी प्रेगनेंट हुई। इसी बीच, 16 जुलाई को बहस के बाद अचानक बीवी घर से निकलकर कहीं चली गई। अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रही है।

गृह मंत्री शाह ने लोगों को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर बधाई दी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर बधाई देकर देशवासियों से देश की हथकरघा विरासत को प्रोत्साहित करने और बुनकरों, खासकर महिलाओं को सशक्त बनाने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि भारत का हथकरघा क्षेत्र समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी दिन 1905 में शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन की याद में और प्राचीन भारतीय कला को पुनर्जीवित करने के लिए 2015 से सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप मनाए जाने की घोषणा की थी। शाह ने कहा, इसका उद्देश्य देशवासियों को स्वदेशी बुनकरों द्वारा बुने हथकरघा उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। आइए, आठवें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर, हम अपनी हथकरघा विरासत को संरक्षित करने और इसे बढ़ावा देने के मोदी सरकार के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाएं तथा अपने हथकरघा बुनकरों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाएं।

महाराष्ट्र में रविवार को मिले कोरोना के 1812 नए मरीज

मुंबई)। रविवार को महाराष्ट्र में कोरोना के 1812 नए मरीज मिले हैं। जबकि कुल 1675 मरीज कोरोना मुक्त होकर घर लौट चुके हैं। उधर राज्य में रविवार को 1 कोरोना मरीजों की मौत हुई है. इस प्रकार राज्य में मृत्यु दर 1.83 प्रतिशत है। जबकि राज्य में अब तक 78,99,582 कोरोना मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। जिससे कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर 98.01 फीसदी पहुंच गई है. वहीं राज्य में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 12011 है। इसमें पुणे में सबसे अधिक 2924 सक्रिय रोगी हैं, इसके बाद मुंबई में 2734 सक्रिय रोगी हैं। राज्य के स्वास्थ विभाग के मुताबिक राज्य में कोरोना के नए वेरिएंट बी.ए.4 वैरिएंट वाले 1 और बी.ए. 5 वैरिएंट वाले 2 मरीज जबकि बीए. 2.75 के 16 मरीज मिले हैं। इस वजह से बी.ए. 4 और बी.ए. 5 वेरिएंट के मरीजों की संख्या 275 और बीए. 2.75 वेरिएंट के मरीजों की संख्या 250 हो गई है।

रिटायर्ड आईएएस ने ऑनलाइन मंगाई 630 रुपए की शराब, साइबर ठगों ने दो लाख निकाले

नई दिल्ली। देश में कोरोना लाकडाउन के बाद से लोग ऑनलाइन शॉपिंग को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले भी स्त्रक्रिय हो गए हैं। वे लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसका एक उदाहरण गुरुग्राम में देखने को मिला है। गुरुग्राम के सुशांत लोक क्षेत्र में रहने वाली पूर्व आईएएस अधिकारी जोहरा चटर्जी को ऑनलाइन शराब ऑर्डर करना भारी पड़ गया और वे ठगी का शिकार हो गईं। मामला बीती 23 जुलाई का है। जोहरा के घर एक पार्टी थी। उन्होंने शराब की होम डिलीवरी के लिए ऑनलाइन ऑर्डर किया था। ऑर्डर 630 रुपये का था, लेकिन इसके बजाय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के क्रेडिट कार्ड से करीब 2 लाख रुपए निकाल लिए गए। जोहरा चटर्जी 23 जुलाई को पार्टी की व्यवस्था करने में व्यस्त थीं। इस बीच मेहमानों के लिए उन्होंने शाम करीब 6 बजे वेबसाइट पर शराब की होम डिलीवरी के लिए ऑर्डर दिया। उन्होंने बताया कि मुझे अपने मोबाइल फोन पर ऑर्डर करने के बाद कॉल आया। व्यस्त होने के कारण जल्दी में मैंने कॉल करने वाले पर भरोसा करते हुए अपना क्रेडिट कार्ड नंबर और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) बता दिया। ऑनलाइन ऑर्डर में की गई यही जल्दबाजी पूर्व आईएएस अधिकारी को भारी पड़ गई।

न्यूज़ ट्रैक....

एलएलसी के दूसरे सत्र में खेलेंगे पार्थिव, प्रज्ञान सहित ये पूर्व क्रिकेटर

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल सितंबर में होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आयेंगे। पार्थिव के अलावा स्पिनर प्रज्ञान ओझा, आल राउंडर रीतिंदर सोढी और तेज गेंदबाज अशोक डिंडा भी पूर्व क्रिकेटरों की इस लीग में शामिल किये गये हैं। पार्थिव के अलावा सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, यूसुफ पठान, हरभजन सिंह, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली, श्रीलंका के दिगज्ज न स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। एलएलसी के दूसरे सत्र में चार टीमें और 110 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भाग लेंगे। पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन और श्रीलंका के पूर्व कप्तान थिसारा परेरा भी लीग में शामिल हैं। इस टूर्नामेंट का पहला चरण ओमान में खेला गया था जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों ने खेला था।

रोनाल्डो के सऊदी अरब के क्लब में जाने की संभावनाएं नहीं

लंदन । पुर्तगाल के कप्तान और मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने एक बड़ा प्रस्ताव दिया है। इसमें उन्हें दो वर्षों के लिए 233.23 मिलियन पाउंड की रकम देने की बात कही है। रोनाल्डो का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अगली गर्मियों तक के लिए करार है। उन्होंने क्लब से कहा है कि वह नए सत्र से पहले क्लब छोड़ना चाहते हैं पर रोनाल्डो के सऊदी अरब के क्लब में जाने की संभावनाएं नहीं हैं। इसका कारण यह है कि वह अगले सत्र में भी चैंपियंस लीग में खेलना चाहते हैं। जहां चेल्सी क्लब ने रोनाल्डो से करार में रुचि नहीं दिखायी है। वहीं एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लब अभी भी उनको शामिल करने के लिए उत्साहित हैं। वहीं यूनाइटेड का अब भी कहना है कि रोनाल्डो बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के नए प्रबंधक एरिक टेन हैग ने कहा है कि आने वाले सत्र के लिए यह अनुभवी फॉरवर्ड उनकी योजनाओं का अहम हिस्सा है। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था, हम इस सत्र के लिए रोनाल्डो के साथ योजना बना रहे हैं। मैं आगे भी उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

16 अगस्त से शुरू होगा डूरंड कप फुटबॉल

कोलकाता । अगले माह 16 अगस्त से शुरू होने वाले डूरंड कप फुटबॉल का आयोजन पहली बार असम और मणिपुर में भी किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार कोलकाता के अलावा गुवाहाटी और इंफाल इस टूर्नामेंट के 131वें सत्र के मेजबान शहर होंगे। खिताबी मुकाबला विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में 18 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 20 हो गई है। गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम और इंफाल के खुमान लंपक स्टेडियम में पहली बार ये टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कोलकाता के किशोर भारती क्रीडांगन और उत्तर 24-परगना जिले के नैहाटी स्टेडियम में भी इन मैचों को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल ने कहा, हमने पिछले साल कहा था कि हम डूरंड कप को आगे ले जाना चाहते हैं। हमें बेहद खुशी हैं कि हम इसमें सफल हो रहे हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने किया कमाल, एक दिन में जीत लिए 14 पदक

बर्मिंघम । राष्ट्रमंडल खेल- 2022 के 9वें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कमाल ही कर दिया। भारत को 4 गोल्ड सहित कुल 14 मेडल मिले। इस तरह से भारत के मेडल की संख्या 40 तक पहुंच गई है। भारत ने अब तक 13 गोल्ड, 11 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। कुश्ती के खिलाड़ियों ने लगातार दूसरे दिन 3 गोल्ड सहित 6 मेडल जीते। विनेश फोगाट, रवि दहिया और नवीन ने गोल्ड जीता, तो पूजा गहलोत, पूजा सिहाग और दीपक नेहरा ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके अलावा बॉक्सिंग, पैरा टेबल टेनिस, एथलेटिक्स और लॉन बॉल्स में भी मेडल मिला। भारत मेडल टैली में 5वें नंबर पर बना हुआ है।

रवि दहिया ने पुरुषों के 57 किग्रा फाइनल में नाइजीरिया के एबिकेवेनिमो वेल्सन को 10-0 से हराया। वे पहली बार गेम्स में उतरे थे। इससे पहले उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर जीता था। वहीं वहीं टोक्यो ओलंपिक की नाकामी को पीछे छोड़कर विनेश ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में चंद सेकंड में ही श्रीलंका की चामोडिया केशानी मदुरावलागे डॉन को चित करके 4-0 से जीत दर्ज की और गोल्ड जीत लिया। वर्ल्ड चैम्पियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कनाडा की सामंथा ली स्टीवर्ट के खिलाफ विनेश का पहला मुकाबला कठिन था, लेकिन उसने महज 36 सेकंड में जीत दर्ज की थी।

नवीन ने पुरुषों के 74 किलो वर्ग के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद शरीफ ताहिर को अंकों के आधार पर 9-0 से हराकर दिलाया। महिलाओं के 50 किलो वर्ग में पूजा गेहलोत ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टेले एल को ब्रॉन्ज के मुकाबले में 12-2 से हराया। पुरुषों के 97 किलोवर्ग में दीपक नेहरा ने पाकिस्तान के तैयब रजा को अंकों के आधार पर 10-2 से और महिलाओं के 76 किलो वर्ग में पूजा सिहाग ने ऑस्ट्रेलिया की नाओमी डि ब्रूइन को 11- 0 से मात देकर ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने महिला सिंगल्स 'वर्ग 3-5' में गोल्ड जबकि सोनलबेन मनुभाई पटेल ब्रॉन्ज मेडल जीता। टोक्यो पैरालंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट भाविना ने इनल में नाईजीरिया की क्रिस्टियाना इकपेयोई को 12-10, 11-2, 11-9 से मात दी। वहीं सोनलबेन मनुभाई पटेल ने महिला सिंगल्स के ब्रॉन्ज मेडल के प्लेऑफ में इंग्लैंड की सू बेली को 11-5, 11-2, 11-3 से मात दी।

बॉक्सिंग में 3 ब्रॉन्ज मेडल मिले। जैसमीन लाइटवेट (57-60 किग्रा) इवेंट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जेमा पेज रिचर्डसन से 2-3 से हार गईं, जिससे उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। रोहित को पुरुष वेल्टरवेट (63।5 किग्रा-67 किग्रा) के सेमीफाइनल में जाम्बिया के स्टिफेन जिंबा ने 3-2 से हराया। इसके अलावा मोहम्मद हुसामुद्दीन पुरुष फेदरवेट (57 किग्रा) को सेमीफाइनल में घाना के जोसेफ कोमे ने 4-1 से मात दी। वहीं 4 खिलाड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर अपना मेडल पक्का कर लिया है।

लॉन बॉल्स में भारत की पुरुष फोर टीम को फाइनल मुकाबले में नॉर्थ आयरलैंड से हार मिली। इस तरह से उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। आयरलैंड ने 18-5 के स्कोर से गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय टीम में सुनील बहादुर (लीड), नवनीत सिंह (सेकंड), चंदन कुमार सिंह (थर्ड) और दिनेश कुमार (स्किप) शामिल थे। वहीं एथलेटिक्स में 2 सिल्वर मिला। एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा का सिल्वर जीता। उन्होंने 8-11.20 का समय लेते हुए पदक अपने नाम किया। इसके अलावा प्रियंका गोस्वामी ने 10000 मीटर रेस वॉक में सिल्वर पर कब्जा किया। प्रियंका ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और इस लंबी दूरी को 49 मिनट 38 सेकंड में पूरा किया।

पांचवें और अंतिम मुकाबले में आज वेस्टइंडीज से मुकाबले को उतरेगी टीम इंडिया

फ्लोरिडा । भारतीय टीम, रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के 5वें और अंतिम मुकाबले में आज रविवार 7 अगस्त को मैदान में उतरेगी। इससे पहले शनिवार को हुए चौथे टी20 मैच में भारत ने 59 रन से जीत दर्ज की है। इस तरह भारत ने 5 मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। फ्लोरिडा में बारिश के कारण देरी से शुरू हुए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 191 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए विंडीज टीम के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए और 19.1 ओवर में 132 रन पर उसकी पारी सिमट गई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और 44 रन का योगदान दिया। उन्होंने 31 गेंदों की अपनी पारी में 6 चौके जड़े। कप्तान रोहित शर्मा ने 16 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्के लगाते हुए 33 रन की शानदार पारी खेली। संजू सैमसन 30 रन बनाकर नाबाद लौटे जिन्होंने 23 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्का लगाया। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को भारतीय युवा गेंदबाजों ने खूब परेशान किया। युवा तेज गेंदबाज आवेश खान ने 4 ओवर में महज 17 रन देकर 2 विकेट झटके।

आवेश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अर्शदीप सिंह ने भी कमाल का प्रदर्शन किया और इस युवा पेसर ने 3 विकेट अपने नाम किए। अक्षर पटेल ने ऑलराउंड खेल दिखाया। उन्होंने 8 गेंद में 2 छक्के और 1 चौके की मदद से नाबाद 20 रन बनाने के अलावा 2 विकेट झटके। हालांकि वह महंगे साबित हुए और उन्होंने 48 रन लुटाए। स्पिनर रवि बिश्नोई को भी 2 विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम कभी भी लय हासिल नहीं कर सकी। आवेश खान ने शुरुआती ओवरों में ब्रेंडन किंग (13) और डेवोन थॉमस (1) को चलता किया। कप्तान निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल ने इसके बाद तेजी से रन बनाए लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। 8 गेंद में 3 छक्के की मदद से 24 रन बनाने वाले पूरन रन आउट हुए तो वही 16 गेंद में 24 रन बनाने वाले पॉवेल अक्षर का दूसरा शिकार बने। काइल मायर्स 14 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार बने। पारी के 9वें ओवर में आधी टीम के पवेलियन लौटने के बाद वेस्टइंडीज को जेसन होल्डर (13) और शिमरोन हेटमायर (19) से उम्मीद थी लेकिन दोनों ने एक बार फिर निराश किया। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने की औपचारिकता पूरी की। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ 53 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में भाग लेती हुई आर्सेनल और क्रिस्टल पैलेस की टीमें।

टीम इंडिया के स्टार पेसर हर्षल पटेल मांसपेशी में खिंचाव से परेशान

नई दिल्ली । भारत बनम वेस्टइंडीज टी20 श्रंखला में लोगों की नजरे स्टार पेसर हर्षल पटेल का खेल देखने के लिए लगी रही पर वे मैदान से नदारद रहे। दरअसल, क्रिकेट टीम के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला शनिवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल स्थित सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला गया। इस मुकाबले में एक बार फिर भारतीय पेसर हर्षल पटेल मैदान से गायब नजर आए। पटेल कैरेबियन टीम के साथ जारी टी20 सीरीज में शिरकत क्यों नहीं कर रहे हैं, इसका कारण भी सामने आ गया है। बताया जा रहा है कि पटेल दर्द और खिंचाव से पीड़ित हैं। यही कारण है कि वह मैदान से गायब रह रहे हैं। यही नहीं अगर वह एशिया कप से पहले फिट नहीं होते हैं तो उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए भी शायद ही टीम में चुना जाए। इसके अलावा सूत्रों की माने तो हर्षल पटेल टी20 वर्ल्ड कप से पहले फिट नहीं होते हैं तो शायद ही उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए भी चुना जाए। हाल के दिनों में भारतीय पेसर ने अपनी उम्दा गेंदबाजी से सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। हर्षल की यूएसपी गति में परिवर्तन रहा है और इस कला से उन्होंने पिछले दिनों आईपीएल सहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बड़े-बड़े बल्लेबाजों को चकमा दिया है। हर्षल पटेल ने बीते सीजन आईपीएल में अपनी टीम आरसीबी के लिए कई यादगार प्रदर्शन किए थे। उन्होंने अपनी टीम के लिए 15 मुकाबलों में शिरकत करते हुए कुल 19 विकेट चटकाए। इस दौरान वह सर्वाधिक सफलता प्राप्त करने के मामले में शीर्ष आठ गेंदबाजों में शामिल रहे। वहीं बात करें उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर के बारे में तो उन्होंने टीम इंडिया के लिए 17 मैच खेलते हुए 16 पारियों में 20.9 की औसत से 23 विकेट चटकाए हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनके नाम एक बार चार विकेट लेने का भी कारनामा है।

व्यापारन्यूज

महाराष्ट्र में इथेनॉल उत्पादन 140 करोड़ लीटर पहुंचने की संभावना- चीनी उद्योग

औरंगाबाद । महाराष्ट्र में इथेनॉल का उत्पादन अगले वर्ष 140 करोड़ लीटर तक पहुंचने की संभावना है। चीनी उद्योग के प्रतिनिधियों ने यह जानकारी दी। नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि भविष्य में गन्ने से संबंधित ईंधन की मांग भोजन से अधिक होगी। उन्होंने कहा ?कि इसलिए महाराष्ट्र में चीनी उद्योग को आने वाले समय में ऊर्जा उद्योग भी कहा जाएगा। इथेनॉल चीनी मिलों का उप-उत्पाद है। इसका उत्पादन चक्र एक दिसंबर से 30 नवंबर तक है। राज्य सहकारी चीनी मिल संघ के एक प्रतिनिधि के अनुसार 2020-21 में महाराष्ट्र ने 78 प्रतिष्ठानों के माध्यम से 100.36 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन किया। उन्होंने कहा कि राज्य ने दिसंबर 2021 से अब तक 75.88 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन किया है और इस साल 30 नवंबर तक 85 प्रतिष्ठानों के माध्यम से 116 करोड़ लीटर तक उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले साल उत्पादन 130 से 140 करोड़ लीटर तक पहुंच जाने की संभावना है।

बिड़ला कॉरपोरेशन का मुनाफा घटकर 62 करोड़ रहा

नई दिल्ली । एमपी बिड़ला समूह की कंपनी बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 56.24 प्रतिशत घटकर 61.92 करोड़ रुपए हो गया। बीती तिमाही में बिजली, ईंधन एवं मालढुलाई की लागत बढ़ने से उसके मुनाफे पर असर पड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी गई एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका मुनाफा 141.51 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि कंपनी का परिचालन राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 2,203.76 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,749.11 करोड़ रुपए रहा था। बिड़ला कॉरपोरेशन का आलोच्य तिमाही में कुल खर्च 2,129.27 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,567.83 करोड़ रुपए की तुलना में 35.81 प्रतिशत अधिक है। सीमेंट कारोबार से राजस्व 2,100.29 करोड़ रुपए रहा जबकि जूट कारोबार से उसे 103.19 करोड़ रुपए का राजस्व मिला।

फेडरल बैंक में जमा खातेदारों को अब मिलेगा ज्यादा ब्याज

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के फेडरल बैंक ने अपने जमा खातेदारों की ब्याज दरों को वृद्धि की है। बैंक का यह फैसला भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में वृद्धि के बाद आया है। बैंक का कहना है कि उसके बचत खाते पर ब्याज दर रेपो रेट से संबंधित है इसलिए ब्याज बढ़ाया गया है। बढ़ी हुई दरें आज यानी 6 अगस्त से लागू हो गई हैं।

बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। 5 करोड़ रुपये या उससे कम के बचत खाते पर बैंक की ब्याज दर आरबीआई की रेपो रेट से 2.40 फीसदी नीचे रहती है। इसके अनुसार, बचत खाते पर अब ग्राहकों को 3 फीसदी का ब्याज मिलेगा। वहीं, 5 करोड़ रुपये से अधिक का बचत खाता होने पर शुरुआती 1 लाख रुपये पर रेपो रेट से 2.40 फीसदी कम ब्याज दर मिलेगी लेकिन शेष राशि पर रेपो रेट से केवल 1.15 फीसदी कम ब्याज दर दी जाएगी। इसका मतलब है कि शेष राशि पर 3.35 फीसदी का ब्याज मिलेगा। गौरतलब है कि आरबीआई ने 0.50 फीसदी की वृद्धि करते हुए रेपो रेट को 5.40 फीसदी तक पहुंचा दिया है। बैंक ने कहा है कि हर दिन के अंत में बचत खाते में जो राशि होगी उस पर ब्याज की गणना की जाएगी लेकिन ब्याज हर तीन महीने पर खाताधारक को दिया जाएगा। फेडरल बैंक ने इससे पहले जून में भी सेविंग्स अकाउंट पर ब्याज बढ़ा दिया था। बता दें कि मई और जून में आरबीआई ने लगातार 2 बार रेपो रेट बढ़ाकर उसमें 0.90 फीसकी की वृद्धि की थी।

केनरा बैंक से लोन लेना हुआ महंगा

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद अन्य बैंकों ने भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी करना शुरू कर दिया है। लोगों को अब ज्यादा ईएमआई का भुगतान करना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने भी ब्याजदर दर बढ़ाकर 8.30 प्रतिशत कर दिया है। नई दरें 7 अगस्त से लागू हो गई है। जिससे केनरा बैंक से होम, ऑटो, पर्सनल सहित सभी तरह का लोन लेना पहले से ज्यादा महंगा हो गया है। इसके अलावा ऐसे लोग जिन्होंने पहले से लोन लिया है, उन ग्राहकों को अब ज्यादा ईएमआई देनी होगी। केनरा बैंक का यह ऐलान भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बढ़ाई गई रेपो रेट के बाद आया है। आरबीआई ने शुक्रवार को रेपो रेट को 0.5 फीसदी बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया है। यह रेपो रेट का 3 साल का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे कर्ज की मासिक किस्त बढ़ेगी. साथ ही मौद्रिक नीति समिति ने नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी निर्णय किया है। केनरा बैंक के मुताबिक आम ग्राहकों के लिए होम लोन पर ब्याज दर को बढ़ाकर 8.10 फीसदी किया जाएगा। वहीं महिला ग्राहकों के लिए इसे बढ़ाकर 8.05 फीसदी किया जाएगा।

सरकार चीनी निर्यात कोटा में ढील देगी

नई दिल्ली । सरकार चीनी निर्यात पर एक करोड़ टन के मात्रात्मक प्रतिबंध में ढील देगी और सितंबर को समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में अतिरिक्त 12 लाख टन निर्यात खेप को अनुमति प्रदान करेगी। मई के आ?खिरी में केंद्र ने चीनी की घरेलू उपलब्धता और मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए विपणन वर्ष 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी निर्यात को एक करोड़ टन पर सीमित रखने का फैसला किया था। चीनी मिलों ने चालू विपणन वर्ष में अब तक लगभग एक करोड़ टन चीनी का निर्यात किया है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। उद्योग की मांग रही है कि निर्यात सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने कहा कि सरकार और 12 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। विपणन वर्ष 2020-21 में चीनी का निर्यात 70 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष के 59.6 लाख टन से अधिक है। खाद्य मंत्रालय ने इस सप्ताह के आरंभ में एक बयान में कहा था ?कि मौजूदा चीनी सत्र 2021-22 में एक अगस्त 2022 तक लगभग 100 लाख टन (एक करोड़ टन) चीनी का निर्यात किया गया है और निर्यात के 112 लाख टन का स्तर छूने की संभावना है। उद्योग निकाय भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अनुमान लगाया है कि इथेनॉल निर्माण के लिए गन्ने का इस्तेमाल बढ़ने के कारण भारत का चीनी उत्पादन अक्टूबर से शुरू होने वाले विपणन वर्ष 2022-23 में थोड़ा घट सकता है। सितंबर को समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में चीनी का उत्पादन 3.6 करोड़ टन होने का अनुमान है।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इसका असर भारत पर भी हो रहा है। देश की सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं ?किया है। देश के चारों महानगरों समेत सभी प्रमुख शहरों में तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और मुंबई में 106.31 रुपए लीटर बिक रहा है। डीलर्स का कहना है कि क्रूड के भाव अगर ऊपर जाते हैं तो कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम दोबारा बढ़ा सकती हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

शेयर बाजार समीक्षा: शेयर बाजार पर खुदरा महंगाई और कंपनियों के तिमाही परिणाम का रहेगा असर

रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से भी बाजार पर प्रतिक्रिया देखी जा सकेगी

मुंबई । बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की जारी लिवाली की बदौलत लगभग डेढ़ प्रतिशत की तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह जुलाई की खुदरा महंगाई और कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम का असर रहेगा। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह 12 अगस्त को जुलाई की खुदरा महंगाई और औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा जारी होने वाला है। इसी तरह 10 अगस्त को अमेरिका में भी खुदरा महंगाई का आंकड़ा आएगा। इन कारकों का बाजार पर असर रहेगा। इसी तरह सोमवार को देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक स्टेट बैंक (एसबीआई), एचपीसीएल और बीपीसीएल का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का परिणाम जारी होगा, जिसका प्रभाव बाजार पर रहेगा। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे भूराजनीतिक तनाव के साथ ही स्थानीय स्तर पर रिजर्व बैंक के महंगाई को काबू में रखने के लिए नीतिगत दरों में की गई बढ़ोतरी पर भी इस सप्ताह बाजार की प्रतिक्रिया देखी जा सकेगी। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर सीडीजीएस, एफएमसीजी, यूटिलिटीज, ऑटो और पावर समेत नौ समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में मंगलवार लगातार पांचवें दिन भी तेजी पर रहा। उभरते एशियाई बाजारों में छह माह बाद जुलाई में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हुई लिवाली की बदौलत बुधवार घरेलू शेयर बाजार का लगातार छठे दिन भी चढ़ना जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, बैंकिंग और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार छह दिन की तेजी थम गई।

सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 98,235 करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली । सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 98,234.82 करोड़ रुपए बढ़ा है। इस दौरान आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों इंफोसिस और टीसीएस ने जोरदार बढ़त दर्ज की। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक में ही गिरावट हुई। इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 28,170.02 करोड़ रुपए बढ़कर 6,80,182.93 करोड़ रुपए हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 23,582.58 करोड़ रुपए बढ़कर 12,31,362.26 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का बाजार मूल्यांकन 17,048.21 करोड़ रुपए बढ़कर 17,14,256.39 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,861.32 करोड़ रुपए बढ़कर 5,83,261.75 करोड़ रुपए हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 6,008.75 करोड़ रुपए बढ़कर 4,34,748.72 करोड़ रुपए और बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 5,709.2 करोड़ रुपए बढ़कर 4,42,157.08 करोड़ रुपए हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 2,186.53 करोड़ रुपए बढ़कर 4,73,584.52 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 1,668.21 करोड़ रुपए बढ़कर 6,21,220.18 करोड़ रुपए हो गया। वहीं एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 4,599.68 करोड़ रुपए घटकर 4,27,079.97 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 4,390.73 करोड़ रुपए घटकर 7,92,860.45 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी का दर्जा बरकरार रखा।

इंफोसिस और टीसीएस में तेजी और एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक में ही गिरावट रही

तारा सुतारिया के लुक पर फिदा हुए फैन

तारा सुतारिया के लुक पर फिदा हुए फैन तारा सुतारिया अपने स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस की वजह से जानी जाती हैं। एक्ट्रेस का लुक लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर लेता है। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है आए दिनों उनके फोटोज और वीडियोज वायरल होते रहते हैं। वहीं अब एक्ट्रसे के कुछ फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस के ये फोटोज फैंस को दीवाना बना रहे हैं। तारा सुतारिया अपने स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस की वजह से जानी जाती हैं। एक्ट्रेस का लुक लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर लेता है। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है आए दिनों उनके फोटोज और वीडियोज वायरल होते रहते हैं। वहीं अब एक्ट्रसे के कुछ फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस के ये फोटोज फैंस को दीवाना बना रहे हैं। फिलहाल तो एक्ट्रेस का नया फोटोशूट इंटरनेट पर कहर ढा रहा है। इस फोटो में तारा का अंदाज देखने लायक है। इस फोटो में तारा ट्यूब टॉप पहनी नजर आ रही हैं। इस ऑलिव ग्रीन कलर की पैंट के साथ गोल्डन टॉप में उनका अंदाज देखने लायक है। तारा के इस फोटो पर फैंस के साथ ही सेलेब्स भी कमेंट करने से थक नहीं रहे हैं। फोटो पर फैंस के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। इससे पहले एक्ट्रेस का एक और सनसाइन फोटो फैंस को काफी पसंद आया फोटो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस का ये आउटफिट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। समंदर किनारे का ये फोटो और एक्ट्रेस का ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वहीं एक्ट्रेस का ये लुक सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। इस फोटो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ने ब्लैक एंड व्हाइट कलर की बिकिनी पहनी हुई है। इसके साथ ही हैंगिग इयरिंग और कर्ल हेयर उनके लुक को एक दम डिफरेंट बना रहे हैं। एक्ट्रेस का न्यूड मेकअप और ये कातिलाना अंदाज फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट कर रहा है। बता दें कि तारा ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वे मरजावां फिल्म में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आईं थी।

नये लुक के साथ नई फिल्म के लिए तैयार कैटरीना कैफ

कैटरीना कैफ के पास एक नया हेयरकट और फोकस करने के लिए एक नई फिल्म है, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट पर प्रशंसकों के साथ साझा किया। कैटरीना ने ब्लू क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहने एक चौंका देने वाली तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने खुले बालों और कम से कम मेकअप के साथ लुक को पूरा किया। न्यू डे न्यू हेयरकट नई फिल्म, उसने तस्वीर को कैप्शन दिया। हालांकि, अभिनेत्री ने उस परियोजना का विवरण नहीं दिया जो उसने शुरू की थी। कैटरीना को कुछ दिनों पहले सुपरस्टार सलमान खान के साथ देखा गया था, जिसके कारण प्रशंसकों ने अनुमान लगाया था कि दोनों ने शूटिंग शुरू कर दी है बाघ 3। अभिनेत्री ने रोहित शेट्टी की अक्षय कुमार-स्टारर सोयरीवंशी को रिलीज़ के लिए तैयार किया है। 30 अप्रैल को स्क्रीन पर हिट करने के लिए पुलिस एक्शन ड्रामा स्लेटेड है। वह हॉरर-कॉमेडी की भी शूटिंग कर चुकी हैं फोन भूत। इस फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह और सह-कलाकार ईशान खट्टर और सिद्धान्त चतुर्वेदी ने किया है।

मोहिना कुमारी ने लिया एक्टिंग में वापसी का फैसला

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस मोहिना कुमारी रेवा के रॉयल परिवार से हैं. उन्हें टीवी के पॉपुलर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में कीर्ति के किरदार से पॉपुलैरिटी मिली थी. हालांकि शादी के बाद उन्होंने शो छोड़ दिया था. इसके बाद से कीर्ति मैरिड लाइफ एंजॉय कर रही हैं. हालांकि वह अपने यूट्यूब चैनल पर ब्लॉग शेयर करती रहती थीं. अब हाल ही में मोहिना ने एक्टिंग की दुनिया में अपनी वापसी को लेकर बात की है. मोहिना ने कहा, 'मैं इसमें बहुत बिलीव करती हूं कि कभी ना नहीं कहना. मुझे नहीं पता कि मैं टीवी पर कब वापसी करने वाली हूं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैं कभी स्क्रीन पर वापस नहीं आऊंगी. फिलहाल मैं यही कहूंगी कि मैं एक हैप्पी मोमेंट जी रही हूं और अपनी लाइफ को खुलकर जी रही हूं.' मोहिना ने आगे बताया कि टीवी से उन्होंने क्या सीखा. मोहिना ने कहा, 'टीवी से मैंने बहुत कुछ सीखा है. मैंने एक्टिंग का क्राफ्ट सीखा, लाइफ के बारे में सीखा, रिलेशनशिप और लोगों के बारे में जाना. हां, मैं वो रुटीन मिस करती हूं, को-स्टार्स को, सेट पर जाना. टेक्नोलॉजी ने कई चीजें आसान कर दी हैं. भले ही मैं सेट और एक्टिंग की लाइफ से दूर हूं, लेकिन मैं फोन कॉल्स, वीडियो चैट के जरिए सभी से कनेक्ट रहती हूं.' अपने फैंस को लेकर मोहिना ने कहा, 'मेरे फैंस ने मुझे बहुत प्यार दिया है. अब मेरा वक्त आ गया है उन्हें रिटर्न करने का तो मैंने डांस वीडियोज बनाना शुरू किया।

जॉन अब्राहम और दिशा पाटनी ने शुरू की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स की शूटिंग

बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर मोहित सूरी ने अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया हैं। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मोहित सूरी अपनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस दौरान की कुछ तस्वीरें भी सामने आई है जो इस वक्त वायरल हो रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि एक विलेन रिटर्न्स फिल्म का ऐलान काफी समय पहले ही कर दिया था। जिसका निर्देशन मोहित सूरी कर रहे है। वहीं फिल्म का निर्माण एकता कपूर की प्रोडक्शन कंपनी कर ली है। फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में मुख्य किरदार के रूप में जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी, तारा सुतारिया नजर आने वाले है। फिल्म का ऐलान काफी समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। लेकिन इसकी शूटिंग अब शुरू हुई है। इस वक्त की आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म एक विलेन रिटर्न्स की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी गई है। जिस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में अभिनेता जॉन अब्राहम नजर आ रहे है। अभिनेता के लुक की बात करें तो जॉन ने ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस पहनी है जिसमे वो काफी हैंडसम दिखाई दे रहे है। वहीं अभिनेत्री दिशा पाटनी रेड कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। दोनों की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अभिनेता जॉन अब्राहम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की करके फिल्म के रिलीज डेट का ऐलान किया था। अभिनेता ने बताया था कि फिल्म जल्द ही सिनेमा हॉल में रिलीज की जाएगी।

फिल्म 'भेड़िया' के सेट पर दौड़ लगाते नज़र आए वरुण धवन

बॉलीवुड के गलियारों में कई फिल्मो को लेकर चर्चा होती ही रहती है। वही बॉलीवुड के कलाकार भी अपनी फिल्मो के लिए काफी पसीना बहते हुए नज़र आ रहे है। वही डेविड धवन के बेटे वरुण धवन भी अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में रहते है। हाल ही में वरुण शादी के बंधन में बंधे है। वही अब उन्होंने फिल्मो में काम शुरू कर दिया है। इन दिनों वरुण धवन कई बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा है। उन्ही में से एक है भेड़िया। इस फिल्म को लेकर काफी वरुण काफी चर्चा में है। वही अब इस फिल्म के सेट से वरुण का एक वीडियो काफी तेज़ी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो अरुणाचल प्रदेश में चल शूटिंग के वक्त का है। इस वीडियो में वरुण ने ये अवतार सभी को हैरान कर रहा है। वरुण इस वीडियो में शर्टलेस होकर काफी तेज रफ्तार से दौड़ लगाते हुए नजर आ रहे हैं। वही बैकग्राउंड में जो जीता वही सिकंदर का गाना सुनाई दे रहा है। वरुण के इस तरह दौड़ने से उनकी फिटनेस का अहसाह हो रहा है। वही वरुण का ये वीडियो काफी ताज़ी से वायरल हो रहा है। 8 लाख से ज्यादा लोगो ने इस वीडियो को लाइक किया है। वही उनके फैन्स इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे है।

अक्षय कुमार के कहने पर लारा दत्ता ने फिल्म बेल बॉटम में किया काम

लारा दत्ता बॉलीवुड की एक मशहूर अभिनेत्री है जिन्होंने अपने अभिनय करियर के दौरान कई हिट फिल्मों में काम किया है। लेकिन अचानक लारा दत्ता फिल्मी दुनिया से दूर हो गए थी। लेकिन पिछले साल लारा दत्ता ने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपने करियर की शुरूआत की। लारा दत्ता को आपने पिछले साल डिजिटल शो हंड्रेड में देखा था जिसमे उनके दमदार अभिनय की लोगों ने जमकर तारीफ की थी। इसके बाद अब लारा दत्ता जल्द ही फिल्म बेल बॉटम में नजर आने वाली है। जिसकी शूटिंग कुछ समय पहले ही अभिनेत्री ने पूरी की है। फिल्म बेल बॉटम की एक और दिलचस्प बात ये है कि लारा दत्ता लंबे समय बाद अपने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ एक बारफिर से स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाली है। हाल ही में अभिनेत्री लारा दत्ता ने एक खास बातचीत में बताया कि वो अभिनेता अक्षय कुमार की वजह से फिल्म का हिस्सा बनी है। लारा दत्ता ने कहा कि बेल बॉटम एक बड़े बजट की कमर्शियल फिल्म है। अक्षय ने इस फिल्म को करने का आफर दिया था। अभिनेत्री ने कहा कि अब करियार के इस मोड़ पर मेरे के लिए ये इतना मायने नहीं रखता है कि फिल्म में उनका किरदार कितना लंबा है। इन चीजों को अभिनेत्री ने काफी पीछे छोड़ दिया है।

गर्मियों में बेहद गुणकारी हैं खीरे का पानी, ऐसे करें इस्तेमाल...

खीरा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है उसी तरह खीरे का पानी हमारे लिए अच्छा होता है। अगर आप इसका सेवन करेंगे तो कई रोगों से बच सकते हैं। लेकिन खीरे का पानी इससे भी ज्यादा लाभकारी होता हैं। अक्सर गर्मियों में हर वक्त गला सूखता है और बार-बार पानी पीने का मन होता है लेकिन कई बार सादा पानी पीने का मन नहीं होता। ऐसे में आप खीरे का पानी पीजिए जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी होता है।

डिहाइड्रेशनः खीरे की तासीर ठंडी होती है जिससे ये डिंक गर्मियों में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाएगी। इसके अलावा खीरे का पानी पीने से शरीर को और भी कई तरह के लाभ मिलते हैं। चलिए जानते हैं इसके लाभ के बारे में.. खीरे का पानी में विटामिन सी और बीटा कैरोटिन एंटी-ऑक्सीडैंट गुण पाए जाते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालते हैं। हर रोज खीरे के पानी का सेवन करने से पेट साफ रहता है।

मांसपेशियां मजबूतः आपको बता दें कि खीरे के पानी का सेवन करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। खीरे के पानी में मौजूद सिलिका शरीर के संयोजी ऊतकों को स्वस्थ रखता है। एक्सरसाइज करने के बाद इसका सेवन करने से शरीर को काफी लाभ होता है।

मुंह से दुर्गंध दूरः कई बार आपने महसूस किया होगा कि ब्रश करने के बावजूद भी कई बार मुंह से दुर्गंध आती है । ऐसा सिर्फ पेट में गर्मी होने की वजह से होता है। ऐसे में खीरे का पानी पीने से पेट की गर्मी कम होती है और इससे मुंह के तलवे पर जमा होने वाले जीवाणु भी नष्ट होते हैं जिससे सांसों से बदबू नहीं आती।

वजन कमः अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपको मीठा सोडा, स्पोर्ट्स ड्रिंक और जूस के साथ खीरे के पानी का सेवन भी करना चाहिए। इससे आपको और भी अधिक कैलोरी कम करने में मदद मिल सकती है।

चेहरे के दाग-धब्बेः खीरे के पानी का सेवन करने से चेहरे के दाग-धब्बे और मुंहासों की परेशानी दूर होती है। इसमें मौजूद सिलिका चेहरे की रंगत निखारने में भी सहायता करता है।

पपीता फायदे की बजाए नुकसान पहुंचा सकता है न करें इन 7 कंडीशन में सेवन

मैग्नीशियम, पोटेशियम, नियासिन, प्रोटीन और कैरोटीन और डायटरी फाइबर से भरपूर पपीता का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। मगर क्या आप जानते हैं पपीता खाना सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। जी हां, आयुर्वेद के अनुसार कुछ हेल्थ कंडीशन में पपीते का सेवन फायदे की बजाए नुकसान पहुंचा सकता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर पपीता को कब खाना चाहिए और कब नहीं.....

1. भले ही पपीते का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद हो लेकिन प्रैग्नेंसी के दौरान इसका सेवन नुकसान ही पहुंचाता है। इसको खाने से गर्भपात होने का खतरा भी बना रहता है। दरअसल, पपीता गर्भाशय को संकुचित कर देता है, जिससे गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है।
2. गर्भावस्था के दौरान ही नहीं बल्कि डिलीवरी होने के कुछ समय बाद तक भी पपीते का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि पपीते में पापैन नामक विषाक्त पदार्थ होता है, जो छोटे बच्चे के लिए हानिकारक होता है। इसके अलावा जब तक बच्चा 1 साल का ना हो जाए उसको पपीता ना खिलाएं।
3. जो लोग कैरोटेनेमिया नामक रोग से पीड़ित हैं उनको बिल्कुल भी पपीते का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें लेटेक्स नाम का पदार्थ पाया जाता है जो कैरोटेनेमिया से पीड़ित लोगों में स्किन एलर्जी का कारण बनता है।
4. पपीता शुगर लेवल को कम करता है। ऐसे में अगर आपको लो ब्लड प्रेशर की समस्या है तो गलती से भी इसका सेवन ना करें। वहीं अगर आप बीपी को नियंत्रित करने वाली दवाई ले रहे हैं तो डॉक्टर की सलाह पर ही इसका सेवन करें।
5. अध्ययन के मुताबिक, ज्यादा मात्रा में विटामिन सी लेने से किडनी में पथरी की समस्या हो सकती हैं। वहीं पपीते में विटामिन सी काफी मात्रा में पाया जाता है, जिससे पथरी की प्रॉब्लम हो सकती है।

जान्हवी कपूर ने पूरी की फिल्म 'गुड लक जैरी' की शूटिंग

बॉलीवुड के गलियारों में कई फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आती ही रहती है। लॉक डाउन के बाद से ही फिल्मो की शूटिंग को लेकर मेकर्स एक्शन अवतार में नज़र आ रहे है। लेकिन किसी ना किसी वजह से फिल्मो की शूटिंग के दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है। जिसके चलते कई बार फिल्मो की शूटिंग की बंद भी करना पड़ा था। वही बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में है। हाल ही में रिलीज जान्हवी की फिल्म रूही को कामयाबी हासिल हुई है। ये उनकी पहली कामयाब फिल्म है। वही इसी बिच जान्हवी अपनी अपकमिंग फिल्म 'गुड लक जैरी' को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में है। जान्हवी काफी वक्त से इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थी। वही अब जान्हवी ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का लास्ट शेड्यूल पंजाब में खत्म किया है। किसान आंदोलन के चलते इस फिल्म की शूटिंग में काफी परेशानिया सामने आ रही थी। हाल ही में जान्हवी ने इस फिल्म को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने एक बड़ा कैप्शन भी लिखा है। जान्हवी ने पोस्ट में लिखा ङ्क अब इस फिल्म का काम पूरा हो चुका है। ये एक अलग अनुभव था। इस फिल्म ने काफी कुछ बदल दिया जिसने वही इस फिल्म से मुझे काफी कुछ सिखने को मिला है। में इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हूँ।

खस्ता होती आर्थिक हालत

पिछले दिनों अपने एक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी यानी मुफ्त वाली योजनाओं की संस्कृति पर पीड़ा जाहिर करने के बाद अब राज्यों की अर्थव्यवस्था पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट में इस दोषपूर्ण नीति के कारण राज्यों की खस्ता होती आर्थिक हालत और गहराते ऋण संकट का जिक्र किया गया है। लोकलुभावन संस्कृति ने भारत की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्रभावित किया है। एक तरफ जहां मुफ्त बिजली के रूप में किसी न किसी रूप में सब्सिडी का वायदा किया जा रहा है, तो वहीं बिजली आपूर्ति करने वाली राज्यों की कंपनियों की बिगड़ती सेहत उनकी संभावनाओं को कमजोर कर रही है। क्या यह विडंबना नहीं है कि मुफ्त बिजली कभी-कभी सभी घरों, कभी वैकल्पिक, तो कभी आधे घरों को दी जाती है, बल्कि ये वादे तभी तक कायम रहते हैं, जब तक सरकार आर्थिक झंझावातों में नहीं फंसती और इस सुविधा को वापस लेने को मजबूर नहीं होती? दिल्ली सरकार की तरफ से बिजली सब्सिडी को वैकल्पिक बनाने का फैसला काफी हद तक बढ़ती लागत के कारण लिया गया था। आरबीआई ने बताया है कि पंजाब में मुफ्त बिजली का वायदा सतत विकास की ओर बढ़ने की उसकी क्षमता को कम करता है। कुछ उपभोक्ताओं के लिए कीमतें घटाने और कारोबारी संस्थानों एवं औद्योगिक इकाइयों से अधिक शुल्क वसूलने से दरअसल प्रतिस्पर्धा कम होती है और इससे आय व रोजगार में सुस्ती आती है। इसी तरह, सौर ऊर्जा को गंभीरता से प्रोत्साहित करने की बिजली वितरण कंपनियों की क्षमता उनकी आर्थिक स्थिति और दर-संबंधी संरचनाओं को विकसित न कर सकने जैसी स्कावटों से बाधित होती है। गैर-जीवाश्म ईंधन वाले युग की तरफ बढ़ने की हमारी क्षमता राज्य बिजली बोर्डों की सेहत पर निर्भर है, लेकिन फ्रीबीज संस्कृति के कारण यह प्रभावित हो रही है। मुफ्त योजनाओं की ऐसी परिपाटी दीर्घावधि में अर्थव्यवस्था, जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक सामंजस्य के लिए महंगी साबित होती है। दूसरी प्रतिबद्धता, मोदी सरकार बुनियादी सुविधाओं की एक विस्तृत शृंखला तक पहुंच सुनिश्चित करके विषमता की चुनौती से निपटना चाहती है। इन सुविधाओं में शामिल हैं-बैंकिंग, बिजली, आवास, बीमा, जल, स्वच्छ ईंधन आदि। इनकी असमानता दूर करने से हमारी आबादी की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। तीसरी प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान व जल जीवन अभियान जैसी कल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ ने आम नागरिकों की एक बड़ी बाधा खत्म कर दी है। यह बाधा थी, इन सुविधाओं को हासिल करने की लागत। इसके अलावा, ये लोगों को सशक्त व आत्मनिर्भर बना रही हैं। जैसे, पीएम आवास योजना के तहत बने घर लाभार्थी परिवार के लिए जीवन भर की संपत्ति है। चौथी प्रतिबद्धता, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण में तकनीक का इस्तेमाल। एसईसीसी के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान और वंचित सुविधाओं के मानदंड के आधार पर प्राथमिकता तय करने की परंपरा ने सरकार को उन लोगों की मदद करने में सक्षम बनाया है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूर है। जो सरकारें सार्वभौमिक सब्सिडी वाला शॉर्टकट अपनाती हैं, वे अक्सर गरीबों की अनदेखी करती हैं। दिल्ली में निचले तबकों के असंख्य परिवार पानी के कनेक्शन की कमी और दिल्ली जल बोर्ड की सीमित आपूर्ति के कारण पानी के लिए महंगे टैंकरों पर निर्भर हैं। इन घरों के लिए मुफ्त जल योजना का कोई मतलब नहीं है। विनिर्माण और रोजगार पर मुफ्त उपहारों का दुष्प्रभाव पड़ता है। यह कुशल और प्रतिस्पर्द्धी बुनियादी ढांचे से ध्यान भटकाकर विनिर्माण क्षेत्र की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम करती है।

मौत का पर्याय बनते जीवन रक्षक अस्पताल

निर्मल रानी

हमारे देश में इन दिनों स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ %अमृत महोत्सव % के रूप में मनाने की ज़ोरदार तैय्यारी चल रही है। हर घर तिरंगा - घर घर तिरंगा फहराने का राष्ट्रव्यापी अभियान पूरे देश में सरकारी स्तर पर भी चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 31 जुलाई को अपने लोकप्रिय कार्यक्रम %मन की बात% के 91वें एपिसोड में देश के लोगों से तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने की न केवल अपील की बल्कि इसके अनेक उपाय भी सुझाये। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को यह भी बताया कि वे किस तरह फ़ेसबुक, व्हाट्सअप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे अपने एकाउंट्स हैंडल्स पर अपनी डीपी बदलकर तिरंगा झण्डा को डी पी के तौर पर लगाकर तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने यहाँ तक कहा कि देशवासी 13 अगस्त से 15 तक घर घर तिरंगा अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें। देश में फैली भयंकर मंहगाई, बेरोज़गारी, साम्प्रदायिकता, जातिवाद, अनिश्चितता के वर्तमान दौर में जबकि अमेरिकी डॉलर के मुक़ाबले भारतीय रुपया रिकार्ड स्तर तक गिर चुका है। प्रतिभाशाली भारतीय युवा स्वतंत्र भारत के इतिहास में रिकॉर्ड स्तर पर देश से पलायन कर अपने सुरक्षित भविष्य की तलाश में विदेशों में जा रहे हों, तमाम विदेशी उद्योग धंधे भारत से अपना कारोबार समेट कर दूसरे देशों का रुख़ कर रहे हों, इन हालात में अनेक सत्ता विरोधी दल व इनके नेता तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान पर सवाल भी खड़ा कर रहे हैं।

इधर 31 जुलाई को प्रधानमंत्री की देशवासियों से तिरंगा झंडा फहराने की अपील मन की बात में प्रसारित होती है उधर इसके अगले ही दिन मध्य प्रदेश के जबलपुर में दमोह नाका शिवनगर स्थित न्यू लाइफ़ मल्टी स्पेशलिटी नामक एक निजी अस्पताल में भीषण आगज़नी की घटना दरपेश आती है। ख़बरों के अनुसार इस हादसे में अब तक 10 लोगों के आग से झुलसकर मरने तथा लगभग आधा दर्जन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। समाचार यह भी है कि अपनी जान गंवाने वाले लोगों में ज़्यादातर अस्पताल स्टाफ़ के वह लोग हैं जो मरीज़ों के लिये किसी भगवान से कम नहीं समझे जाते। और यह वही वर्ग भी है जिसके सम्मान में कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने पूरे अस्पतालों में बैण्ड बजवाकर इनके साहस, मेहनत व तपस्या को सराहा था। अस्पताल में ज़िंदा जलने वाला यह उसी स्टाफ़ का हिस्सा था जिनपर सेना के हैलीकॉप्टर्स ने पुष्प वर्षा की थी। जबलपुर के इस न्यू लाइफ़ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में हुए अग्निकांड के विषय में भी वही बताया गया जो प्रायः अधिकांश आग लगने की घटनाओं के लिये बताया जाता है। यानी यह आग भी बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी जो कि ग्राउंड फ़्लोर से शुरू होकर तीसरी मंज़िल तक बहुत तेज़ी से फैल गई। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगज़नी की इस घटना पर दुख जताया और जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद दिये जाने तथा गंभीर रूप से घायल लोगों को 50-50 हज़ार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही घायलों के संपूर्ण इलाज का ख़र्च राज्य सरकार द्वारा किये जाने का भी वादा किया। पहले भी इस तरह की घटनाओं के बाद राज्य सरकारें इसी तरह की घोषणायें कर अग्निकांड प्रभावित परिवारों के आंसू पोछने का प्रयास करती रही हैं।

राष्ट्र स्वतंत्रता के इस अमृत महोत्सव काल में जब हर घर तिरंगा फहराने की अपील न केवल सरकारी बल्कि प्रधानमंत्री स्तर पर की जा रही हो क्या यह पूछा जाना प्रासंगिक नहीं है कि देश की जिस जनता को सब्ज़ बाग़ दिखाकर यह जताया जा रहा हो कि %सब कुछ चंगा है %, हम विश्व की पांच बड़ी महाशक्तियों को पछाड़ते हुए एक बार फिर विश्वगुरु बनने जा रहे हैं, आख़िर उस देश में अस्पतालों में अपना इलाज कराने व वहां से स्वस्थ होकर वापस आने की आस रखने वाले लोगों की अगर ज़िंदा जलकर मौत होने लगे, तो देश के लिये इससे दुखद व भयानक और क्या हो सकता है? जिस अस्पताल स्टाफ़ पर फूल बरसाये जायें, जिनकी शान में थाली, ताली, चम्मच व कड़छी खड़काई जायें और उसी स्टाफ़ की जान अपने ही अस्पतालों में असुरक्षित हो इससे बड़ा दुर्भाग्य व त्रासदी और क्या हो सकती है?

कभी गुजरात के भरूच में कोविड अस्पताल में आग लग जाने से आईसीयू में भर्ती क़रीब 20 कोरोना मरीज़ों की जलने से मौत हो जाती है और मुख्यमंत्री मुआवज़े का एलान कर अपना फ़र्ज़ पूरा कर बैठते हैं। 26 अप्रैल 2021 को गुजरात के सूरत मे आयुष अस्पताल की पांचवीं मंज़िल पर स्थित आइसीयू में शॉर्ट-सर्किट के चलते आग लगती है तो कभी महाराष्ट्र के डा. ज़ाकिर हुसैन अस्पताल में ऑक्सीजन टैंक लीक होता है । इसे रोकने के लिए मरीज़ों को ऑक्सीजन की आपूर्ति कुछ समय के लिए रोक दी गई। इसके कारण वेंटिलेटर के सहारे चल रहे 24 कोरोना मरीज़ों की जानें चली गयीं । इनमें 11 महिलाएं और इतने ही पुरुष शामिल थे। इसी तरह 10 जनवरी 2021 को महाराष्ट्र के भंडारा ज़िले के जनरल अस्पताल की स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट में लगी आग में 10 नवजात शिशु की मौत हो गयी । यह आग भी शार्ट-सर्किट के कारण लगी बताई गयी थी। इसके अलावा 26 मार्च को मुंबई के भांडुप उपनगर स्थित ड्रीम्स माल में चौथी मंज़िल पर चल रहे कोविड विशेष अस्पताल में आग लगने से 10 रोगियों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह 17 अप्रैल 202 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कोरोना सेंटर में अचानक लग गयी थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। ऐसी अनेकानेक घटनायें हमारे देश में आये दिन होती ही रहती हैं। परन्तु अफ़सोस कि हम इस अमृत महोत्सव काल तक भी जनता को शत प्रतिशत सुरक्षित अस्पताल देने की स्थिति में नहीं पहुँच सके।

सरकार की प्राथमिकता तो यह होनी चाहिये कि जिन देशवासियों से वह घर घर झण्डा फहराने की अपील कर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में भागीदारी करने के लिये आह्वान कर रही है उन्हीं देशवासियों को शत प्रतिशत सुरक्षा प्रदान कर उन्हें यह विश्वास भी दिलाये कि स्वतंत्रता के इस अमृत महोत्सव काल में देशवासी तथा देश के सभी अस्पताल पूर्णतः सुरक्षित हैं। सुरक्षा के जितने भी मानक हों उन्हें देश के प्रत्येक अस्पतालों में सुनिश्चित किया जाये अन्यथा अस्पतालों के लाइसेंस रद्द किये जायें। ज़ाहिर है यदि किसी भी अस्पताल में आगज़नी की घटना में किसी मरीज़ या अस्पताल स्टाफ़ की जलकर मौत होती है तो उसका ज़िम्मेदार मरीज़ या स्टाफ़ तो हरगिज़ नहीं? फिर आख़िर व्यवस्था की लापरवाही या अनदेखी अथवा कामचोरी का ख़मियाज़ा यह लोग क्यों भुगतें? अस्पतालों को तो जीवन रक्षक बनना चाहिये न कि मौत का पर्याय?

ध्यान से खुल जाते हैं आत्मा के सारे चक्र

उपदेशों और सिद्धांतो की इतनी भरमार है कि परमात्मा को अर्थात अपने जीवन के परम लक्ष्य को ढूंढना घास में से सुई खोजने के बराबर हो गया है। कुछ लोगों के लिए आध्यात्मिकता, माया से मुक्त होने का साधन है तो कुछ लोगों के लिए यह तप और भक्ति से भी अधिक उच्च स्तर का मार्ग है। भले ही परमलक्ष्य तक पहुंचने के विभिन्न मार्ग क्यों न हों, लेकिन योग उनमें किसी प्रकार का भेद नहीं करता। एक योगी के लिए यह संपूर्ण सृष्टि किसी नाटक के समान है। चरित्रों और दृष्यों से प्रभावित हुए बिना इस नाटक का अनुभव करना ही परम उद्देश्य है। आवश्यकता कर्म से ऊपर उठने की है। कृष्ण ने अपनी लीला से इस महत्व को समझाया कि नाटक के मोह में नहीं बंधना है। न ही इससे प्रभावित होना है। यही निष्काम कर्म है। जो सुख- दुख से परे रखता है। मनुष्य में आध्यात्मिक उत्थान की प्रक्रिया शुरु होती और आगे बढ़ती है तो आत्मा विभिन्न चप्रों और जीवन के पहलुओं से होते हुए निरंतर आरोहण करने लगती है। जीवन में भौतिक शरीर की मूल आवश्यकताओं और इच्छाओं से ऊपर उठते हुए उच्चतम शिखरों को छूते हुए अंत में स्वयं से और इस संसार से भी ऊपर उठना होता है। सनातन क्रिया में अष्टांग योग के आठों अंग पूर्णतया सम्मिलित हैं। गुरु के सानिध्य में इस क्रिया को करने से निम्न चप्रों से आज्ञा चप्र व उससे आगे तक पहुंचने का मार्ग स्पष्ट हो जाता है। किसी युग में चप्रों पार करने और अंतिम स्थिति तक तक पहुंचना आसान रहा होगा पर आज हम जिस युग में रह रहे हैं, उसमें ऊंचाई तक पहुंचने के लिए प्रचंड पुरुषार्थ करने की जरूरत रहती है। शास्त्रों और उन्हें जानने वाले ज्ञानीजनों के अनुसार

काँग्रेस पर प्रहार 'मरे हुओं को मारने' की नीति तक उचित....?

ओमप्रकाश मेहता

भारत का सबसे वयोवृद्ध राजनीतिक दल कांग्रेस इन दिनों अपनी मृत्यु शैय्या पर अंतिम साँझ की प्रतीक्षा कर रहा है, ऐसी परिस्थिति में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता का सहारा लेकर उसकी श्वांस नलिका ऑक्सीजन सिलेंडर से हटाने का प्रयास करना कहां तक उचित कहा जा सकता है। ऐसा माना जाता रहा है न कि ''जन्म देने वाला ही जीवन छीनता है'' वहीं स्थिति कांग्रेस के साथ है, सोनिया-राहुल परिवार के पूर्वज पं. मोतीलाल नेहरू कांग्रेस को पालने-पौसने वाले माने जाते रहे है, अब प्रकृति के सिद्धांत के अनुसार उस कांग्रेस का अंत करने का अधिकार भी तो उसी खानदान को है? और अब वही कुछ इस देश में हो रहा है, सोनिया-राहुल के बाद इस देश में न सिर्फ नेहरू खानदान खत्म हो जाएगा बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी की भी 'इतिश्री' हो जाएगी, आज तो ऐसा ही माना जा रहा है, फिर यहां अब का अहम् सवाल यही है कि स्वयं डूबने वाले इंसान के पैरों में पत्थर बांधने का क्या अर्थ है? और आज का सत्तारूढ़ दल व उससे बड़े नेता सोनिया नेता सोनिया-राहुल को विभिन्न कानूनी शिकंजों में फंसा कर वही कर रहे है। आज यह तथ्य देश की किसी भी जागरूक नागरिक से छुपा हुआ नहीं है कि मोदी नाम के सूरज की चमक में देश के सभी छोटे-बड़े राजनीतिक दल अपनी चमक खोकर अंधकार में खो गए है, इनमें राष्ट्रीय दल कांग्रेस भी शामिल है, जो अपना मूल अस्तित्व भी सुरक्षित नहीं रख पा रही है, इस स्थिति में जब कांग्रेस स्वयं ही खात्मे के कगार पर है तो फिर उसे कानूनी धक्का देने की क्या जरूरत है? वह तो वैसे ही डूब रही है?



सरकार का यह कदम देश के आम नागरिक के दिल में कांग्रेस व उसके मौजूदा प्रमुखों के प्रति दया की भावना पैदा कर रहा है, यदि इस दया को 'सहायता' का हाथ मिल गया तो फिर इसके लिए दोषी तो सतारूढ़ दल व उसके सर्वेसर्वा ही होगें ना? भाजपा का अभी भी यह मानना है कि देश में अब कांग्रेस के अलावा कोई भी राजनीतिक दल उससे मुकाबले के काबिल नहीं रहा है, उसे अभी भी यह आशंका है कि कांग्रेस के नेतृत्व में ममता बैनर्जी संयुक्त प्रतिपक्षी दल का गठन कर सकती है, कांग्रेस को समर्थन करना ममता की मजबूरी यह है कि उनका दल तृणमूल कांग्रेस क्षेत्रिय दल है राष्ट्रीय दल नहीं और फिलहाल देश में भाजपा के बाद चूंकि कांग्रेस ही एकमात्र राष्ट्रीय दल है, इसलिए इसका सहयोग लेना या इसका समर्थन करना हर क्षेत्रिय दल की मजबूरी है, और वास्तव में भाजपा की चिंता का भी यही एक मुख्य कारण है, इसी लिए भाजपा ''मरे हुओं को मारने'' का कृत्य करने को मजबूर है। कांग्रेस का यह भी दुर्भाग्य है कि उसमें सोनिया-राहुल के अलावा कोई भी प्रमुख नेता पूरी निष्ठा के साथ उसके साथ नहीं है, अब तो गुलाम नबीं आजाद ने भी स्वास्थ्य के आधार पर कांग्रेस से कन्नी काटना शुरू कर दिया है, यही स्थिति प्रदेशों की है, प्रदेशों के शीर्ष नेता जो कभी ''राष्ट्रीय नेता'' का चोला, ओढ़कर घूमते थे, उनका भी राष्ट्रीय स्तर पर कोई असर नहीं रहा, इनमें मध्य प्रदेश के कमलनाथ व दिग्विजय सिंह भी शामिल है, इसी कारण कभी केन्द्र सहित देश के अधिकांश राज्यों में राज करने वाली कांग्रेस अब आधा दर्जन से भी कम राज्यों तक सिमट कर रह गई है, और भारतीय जनता पार्टी देश के दक्षिणी राज्यों में अपनी पैठ कायम करने के प्रयास में है। वैसे यदि आज भी पूरे देश में राजनीतिक दलों की पंसदगी को लेकर सर्वेक्षण कराया जाए तो देश के पचास की उम्र पर लोगों की पसंद का सर्वाधिक प्रतिशत कांग्रेस के ही पक्ष में होगा, जबकि चालीस की उम्र के नीचे के चुवा भाजपा या किसी अन्य दल के समर्थक नजर आएगें, ऐसी स्थिति मेंयदि 'मृतप्राय कांग्रेस' का इलाज किसी सही डॉक्टरों के समूह में पहुंच जाए तो कांग्रेस नया जीवन प्राप्त भी कर सकती है, इसी उम्मीद में आज देश का आम कांग्रेस समर्थक जी रहा है, किंतु अब इस वर्ग की भी मौजूदा परिस्थितियों में निराशा बढ़ती जा रही है, क्योंकि कहीं से भी कांग्रेस को नया जीवन प्रदान करने के आसार नजर नहीं आ रहे है। किंतु यहां यह मानना भी जरूरी है कि चूंकि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही मजबूत प्रतिपक्ष के समर्थक है, जैसा कि उन्होंने एक बार ऐसा कहा भी है, इसलिए उन्हें ही स्वस्थ राजनीति के तहत प्रमुख प्रतिपक्षी दल की जीवन रक्षा के प्रयास करना चाहिए।

संसार की सबसे कीमती दौलत है 'दोस्ती'

प्रवीण ककक्कर

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीति। बिपति-कसौटी जे कसे, सोई सांचे मीत। सुविख्यात कवि रहीमदास द्वारा रचित यह दोहा हम सब ने अपने किताबों में पढ़ा है। इस दोहे के माध्यम से कवि हम से कहता है, जब व्यक्ति के पास संपत्ति होती है तब उसके अनेक सगे-संबंधी तथा मित्र बनते हैं, उसके समीप आते हैं, पर विपत्ती के समय में जो आपका साथ दे, वहीं सच्चा मित्र है। आमतौर पर हम उसे दोस्?त मानते हैं जो हमारे साथ पढ़ता है, काम करता है, खेलता है या मौज मस्?ती करता है लेकिन इसके वास्?तविक मायने काफी गहरे हैं। वास्?तव में दोस्?ती संसार की सबसे कीमती दौलत है अगर यह समय, साथ और समर्पण के सूत्र से बंधी हो।

आज फ्रेंडशिप डे है। अन्तरराष्ट्रीय मित्रता दिवस या फ्रेंडशिप डे प्रत्येक वर्ष अगस्त के प्रथम रविवार को मनाया जाता है। सर्वप्रथम मित्रता दिवस 1958 को आयोजित किया गया था। वर्ल्ड फ्रेंडशिप डे दोस्ती मनाने के लिए एक खास दिन है। यह दिन अमेरिकी देशों में बहुत लोकप्रिय उत्सव हो गया था जबसे पहली बार 1958 में पराग्वे में इसे %अन्तरराष्ट्रीय मैत्री दिवस% के रूप में मनाया गया था। आरम्भ में ग्रीटिंग कार्ड उद्योग द्वारा इसे काफी प्रमोट किया गया, बाद में सोशल नेटवर्किंग साइट्स के द्वारा और इंटरनेट के प्रसार के साथ साथ इसका प्रचलन विशेष रूप से भारत, बांग्लादेश और मलेशिया में फैल गया। इंटरनेट और सेल फोन जैसे डिजिटल

संचार के साधनों ने इस परम्परा को को लोकप्रिय बनाने में बहुत सहायता की।

फ्रेंडशिप डे को सेलिब्रेट करना भले ही आज मॉडर्न ट्रेंड हो, लेकिन दोस्?ती की यह परंपरा प्राचीन है। राम-सुग्रीव व कृष्?ण-सुदामा से लेकर अकबर-बीरबल तक कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनकी दोस्?ती की आज भी चर्चा होती है। भारत के इतिहास व अनुश्रुतियों में इस तरह के कई उदाहरण दर्ज हैं। दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जिसे खून के रिश्ते की जरूरत नहीं होती।

व्यक्ति को प्रत्येक रिश्ता अपने जन्म से ही प्राप्त होता है, अन्य शब्दों में कहें तो ईश्वर पहले से बना के देता है, पर दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जिसका चुनाव व्यक्ति स्वयं करता है। सच्ची मित्रता रंग-रूप नहीं देखता, जात-पात नहीं देखता, ऊँच-नीच, अमीरी-गरीबी तथा इसी प्रकार के किसी भी भेद-भाव का खंडन करती है। आमतौर पर यह समझा जाता है, मित्रता हम-उम्र के मध्य होती है पर यह गलत है मित्रता किसी भी उर्म में और किसी के साथ भी हो सकती है। जरा सोच कर देखिए बिना दोस्तों की जिंदगी कितनी बोरिंग सी लगती है. हम किसके साथ अपने दिल की बात शेयर करते और बातों-बातों में किसकी टांग खींचते हैं। हंसी-मजाक, रूठना- मनाना बस यही है दोस्ती। व्यक्ति के जन्म के बाद से वह अपनों के मध्य रहता है, खेलता है, उनसें सीखता है पर हर बात व्यक्ति हर किसी से साझा नहीं कर सकता। व्यक्ति का सच्चा मित्र ही उसके प्रत्येक राज़ को जानता है। पुस्तक ज्ञान की कुंजी है तो एक सच्चा मित्र पूरा पुस्तकालय, जो हमें समय-समय पर जीवन की कठिनाईयों से लड़ने में सहायता प्रदान करता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में दोस्तों की मुख्य भूमिका होती है। ऐसा कहा जाता है की व्यक्ति स्वयं जैसा होता है वह अपने जीवन में दोस्त भी वैसा ही चुनता है और व्यक्ति से कुछ गलत होता है तो समाज उसके दोस्तों को भी समान रूप से उस गलती का भागीदार समझते हैं। क्योकि दोस्तों का फर्ज होता है कि अगर दोस्त से गलती हो तो उसे सही राह दिखाएं और सदमार्ग पर लाने का प्रयास करें।

जीवन के हर मोड़ में एक नया दोस्त बनता है। लेकिन गहरा संबंध कुछ ही दोस्तों के साथ हो पाता है हर जगह नहीं मुलाकात में एक नए दोस्त के रुप में कोई न कोई व्यक्ति आपके सामने जरूर आता है। लेकिन हर किसी के साथ गहरी दोस्ती नहीं हो पाती है। दोस्ती में कई बार झगड़े भी होते हैं। लेकिन बिना किसी घमंड के एक दूसरे से माफी मांग ली जाती है। क्योंकि यह रिश्ता निस्वार्थ रिश्ता है। आखिर में इतना कहूँगा कि अच्छे दोस्त बनाओ, कभी भी अपने दोस्तों का दिल मत दुखाओ और उन्हें कभी धोखा नहीं दो।

सूडोकु नवताल- 6156

✶✡✡✡✡ सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6155 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

पाकिस्तान का झोली फैलाना

डॉ वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष अभी भी उसे 1.2 बिलियन डॉलर के कर्ज देने में काफी हीले-हवाले कर रहा है। उसकी दर्जनों शर्तें पूरी करते-करते पाकिस्तान कई बार चूक चुका है। इस बार भी उसको कर्ज मिल पाएगा या नहीं, यह पक्का नहीं है। शाहबाज़ शरीफ प्रधानमंत्री बनते ही सउदी अरब दौड़े थे। यों तो सभी पाकिस्तानी शपथ लेते से ही मक्का-मदीना की शरण में जाते हैं लेकिन इस बार शाहबाज का मुख्य लक्ष्य था कि सउदी सरकार से 4-5 बिलियन डॉलर झाड़ लिये जाएं। उन्होंने झोली फैलाई लेकिन बदक़िस्मती कि उन्हें वहां से भी खाली हाथ लौटना पड़ा। वे अब पाकिस्तान में ऐसे हालात का सामना कर रहे हैं, जैसे अब तक किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किए। लोगों को रोजमर्रा की खुराक जुटाने में मुश्किल हो रही है। आम इस्तेमाल की चीज़ों के भाव दुगुने-तिगुने हो गए हैं। बेरोजगारी और बेकारी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इमरान खान के जलसों और जुलूसों में लोगों की तादाद इतनी तेजी से बढ़ रही है कि सरकार को कंपकंपी छूटने लगी है। पंजाब में इमरान-समर्थक सरकार भी आ गई है। इससे बड़ा धक्का सत्तारुढ़ मुस्लिम लीग (न) के लिए क्या हो सकता है। इमरान का जलवा सिर्फ पख्तूनख्वाह में ही नहीं, अब पाकिस्तान के चारों प्रांतों में चमकने लगा है। हो सकता है कि अगले कुछ माह में ही आम चुनाव का बिगुल बज उठे। ऐसे में अब प्रधानमंत्री की जगह पाकिस्तान के सेनापति क़मर जावेद बाजवा खुद पहल करने लगे हैं। उन्होंने सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शासकों से अनुरोध किया है कि वे पाकिस्तान को कम से कम 4 बिलियन डॉलर की मदद तुरंत भेजें। लेकिन दोनों मुस्लिम राष्ट्रों के शासकों ने बाजवा को टरका दिया है। वे पाकिस्तान को दान या कर्ज देने के बजाय अपनी संपत्तियाँ रखकर उनके बदले में शेयर खरीदने के लिए कह रहे हैं। पाकिस्तानी अर्थ-व्यवस्था की हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि उसे बचाने के लिए उसे ऐसे कदम भी उठाने पड़ रहे हैं, जो शीर्षासन करने के समान हैं। माना तो यह जा रहा है कि काबुल में अल-जवाहिरी का खात्मा करवाने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका की मदद इसीलिए की है कि अमेरिका इस वक्त उसे कोई वित्तीय टेका लगा दे। शाहबाज शरीफ अगर थोड़ी हिम्मत करें तो वे भारत से भी मदद मांग सकते हैं। भारत यदि मालदीव, श्रीलंका और नेपाल को कई बिलियन डॉलर दे सकता है तो पाकिस्तान को क्यों नहीं दे सकता?

4 घंटे तक झमाझम बारिश से शहर हुआ जलमग्न

मौसम हुआ ठंडा, लोगों को मिली राहत, वहीं बारिश बनी आमजन के लिए मुसीबत

मुरैना। रविवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और सुबह के 10 बजे के लगभग बारिश आरंभ हो गई, जो कभी रिमझिम, तो कभी तेज होती गई और इस प्रकार 4 घंटे तक झमाझम बारिश होने से मौसम में ठंडक आ गई, तो वहीं जलभराव होने से आमजन के लिए मुसीबत पैदा हो गई। इस बारिश से लोगों में खुशी का माहौल था, क्योंकि लंबे समय पश्चात रक्षाबंधन त्योहार के नजदीक बारिश हुई है।

रविवार को प्रातः 10 बजे आरंभ हुई रिमझिम बारिश कभी तेज तो कभी धीमी, इसी प्रकार 4 घंटे तक चलती रही और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम देखने को मिली। रविवार होने के कारण वैसे भी शहर में चहल-पहल कम रहती है तथा बारिश के चलते लोग घरों में ही कैद रहे और ठंडा मौसम होने का लुफ्त उठाते रहे। इस बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से काफी हद तक लोगों को राहत मिली है, तो वहीं जलभराव ने लोगों के लिए मुसीबत पैदा कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों पर जलभराव के साथ-साथ शहर की कोई भी बस्ती अछूती नहीं रही, जहां जलभराव ना हो। गलियों मोहल्लों में पानी भरने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो वही गंदगी से बदबू फैल रही है। अब नई नगर पालिक निगम घटित हो चुकी है, देखना होगा कि सोमवार के बाद नवीन परिषद शहर के लिए क्या प्लान बनाती है और जलभराव की स्थिति को किस प्रकार निराकरण करती है। शहर की स्थिति काफी बदतर बनी हुई है और यह नई नगर निगम के महापौर, सभापति एवं पार्षदों के लिए चुनौती भरा होगा।

5 माह में भी डल पाई पाइप लाइन

गौरतलब है कि पिछली नगर पालिक निगम के कर्ताधर्ता द्वारा शहर में जल निकास के लिए तमाम टेंडर जारी किए गए और उनका काम ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 28 में नाले का निर्माण होते-होते 5 माह से अधिक समय बीत चुका है, वहीं कई गलियों में पहले पाइप लाइन जो डाली गई थी उनसे पानी का निकास नहीं हो पा रहा था, अब फिर से डाली जा रही हैं, जिससे अभी भी लोगों में संका है कि पानी का निकास नहीं हो पाएगा, क्योंकि ठेकेदार द्वारा मापदंड के अनुरूप काम नहीं किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 28 कि शर्मा वाली गली पिछले 5 महीने से अवरुद्ध पड़ी हुई है, लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं होने से यहां के नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

झुण्डपुरा। नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। रविवार को लाडपुरा रावतपुरा में नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी एवं उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा सहित पार्षदों का भव्य स्वागत किया गया। वार्ड नं 01 लाडपुरा में पार्षद नीलम रावत के यहां नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी, उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा एवं पार्षदों का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी एवं उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा ने कहा कि हम सभी को जीत हासिल हुई है। यह जीत जनता की जीत है यह आप लोगों के विश्वास की जीत है हम आपके विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। हम नगर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, हमारा प्रयास होगा कि नगर का चौमुखी विकास किया जाये। आपने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है उसको पूरा करने का हम प्रयास करेंगे।

अंजलि जैन के परिवार के 3 सदस्य भी रह चुके नगर पालिका अध्यक्ष

अंबाह। भारतीय जनता पार्टी की पार्षद श्रीमती अंजलि जिनेश जैन अब अंबाह नगर पालिका में 19 वे अध्यक्ष के रुप में कुर्सी संभालेंगी। इससे पहले श्रीमती अंजलि जैन के ताऊ ससुर गणेशी लाल जैन छठवें एवं ससुर कपूर चंद जैन सातवें नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके है। वही वर्ष 1995 में श्रीमती अंजली जैन के पति जिनेश जैन नगर पालिका अध्यक्ष रहे हैं। यह श्रीमती जैन के परिवार के यह तीनों अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव लड़े थे और विजई घोषित हुए थे। वहीं 2015 में श्रीमती अंजलि जैन ने कांग्रेस से अध्यक्ष पद टिकट न मिलने की स्थिति में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पचौरी के निर्देश पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था।

हाई टेंशन लाइन के करंट से माँ -बेटे की दर्दनाक मौत, बारिश के दौरान हुआ हादसा

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत बासुदेव कॉलोनी में रविवार की दोपहर बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें बालकनी के पास से निकली 11 केवी हाईटेंशन लाइन के करंट से 12 वर्षीय बालक चिपक गया और उसे बचाने आई मां भी झुलस गई तथा दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब तक परिजन उन्हें बचाने के लिए दौड़े, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग द्वारा लाइन बंद कर दी गई, तो वहीं पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा दोनों मां-बेटे का पीएम कराकर मर्ग कायम कर लिया गया है।

बताया जाता है कि वासुदेव कॉलोनी निवासी मनीषा पत्नी सुनील गोस्वामी 36 वर्ष का बेटा 12 वर्षीय कान्हा गोस्वामी रविवार की दोपहर 1:30 बजे के लगभग बालकनी के पास खड़ा हुआ था और बारिश हो रही थी। बालकनी के नजदीक से ही 11 केवी हाईटेंशन लाइन निकली हुई है और उस हाईटेंशन लाइन से कोई पाइप बालकनी का टकरा गया तथा बालक ने उसे पकड़ लिया, इससे उसे करंट लगा, बच्चे की चीख सुनकर बच्चे की मां मनीषा पत्नी सुनील गोस्वामी दौड़ कर गई तो वह भी करंट से चिपक गई, चीख सुनकर अन्य परिजन छत पर दौड़े, तब तक दोनों मां बेटे की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। इस घटना से पूरी कॉलोनी में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मोहल्ले वासियों द्वारा 11 केवी लाइन को हटाने के लिए विद्युत अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया। इधर पुलिस द्वारा मां बेटे के शव का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई है और मर्ग कायम कर लिया गया है। गौरतलब है कि शहर के कई इलाकों में मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है तथा पूर्व में भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन विद्युत विभाग में बैठे भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस गंभीर समस्या के प्रति कोई गंभीरता नहीं बरती जा रही है, जिससे समय-समय पर इस प्रकार की घटनाएं देखने को मिल रही है।

नगर पालिका की अपील समिति में श्रीमती पूर्णिमा तोमर एवं ब्रजेश कपासिया का हुआ मनोनयन

अंबाह। नगर पालिका अध्यक्ष एवं अध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत सर्वसम्मति से अपील समिति का गठन भी किया गया, जिसमें वार्ड क्रमांक 8 की भाजपा पार्षद श्रीमती पूर्णिमा कविंद्र सिंह तोमर एवं वार्ड क्रमांक 14 की भाजपा पार्षद श्रीमती बृजेश अशोक कपासिया को मनोनीत किया गया। ज्ञात रहे कि नगर पालिका अफसरों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत इस अपील समिति का गठन किया जाता है। ये समिति सीएमओ या फिर उसके अधीनस्थ अधिकारियों के फैसले को पलटने में समक्ष होती है। जनता चाहे तो किसी अधिकारी के फैसले को इस समिति के सामने रख सकती है। उक्त फैसले पर अपील समिति के सदस्य जनता के हित को दृष्टिगत रखते हुए अफसरों के फैसले को बदलने की ताकत रखते है।

देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरा है भाजपाः जसविंदर सिंह

सबलगढ। जब देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब देश की बागडोर उन ताकतों के हाथ में है, जिनका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं है। उनका संविधान, देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे और लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने आज पार्टी जिला समिति को सम्बोधित करते हुए उक्त टिप्पणी की।

जसविंदर सिंह ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी का पहला अधिवेशन 1925 में कानपुर में हुआ था। उसमें भाग लेने वाले 138 प्रतिनिधियों की कुल जेल यात्रा 414 साल थी। क्या संघ या भाजपा यह बता सकती है कि उनके नेताओं ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते हुए कितने दिन जेलों में रहे। उनके सबसे बड़े विचारक सावरकर ने तो अंडमान जेल से रिहा होने के लिए अंग्रेजों को 6 माफीनामे दिए। वे एक मात्र भारतीय थे जिन्हें ब्रिटिश भक्ति के लिए हर माह 60 रुपये पेंशन मिलती थी, जो कलेक्टर के वेतन से ज्यादा थी। माकपा नेता ने कहा कि आजादी प्राप्त करने के बाद जब तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया गया था, तब संघ प्रमुख गोलवलकर ने तो इसे अशुभ करार दिया था। आजादी के 52 साल तक संघ ने अपने कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया। आज जब घर घर तिरंगा लगाने की बात हो रही है, तब संघ ने अपनी डीपी में भी तिरंगा नहीं लगाया है। माकपा नेता ने कहा कि आज जब देश महंगाई, बेरोजगारी, भूख और गरीबी की जकड़न में फंसा है, तब सरकार बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए कभी हिजाब, कभी मस्जिद पर लाउड स्पीकर, कभी हलाल जैसे मुद्दों को उछाल कर जनता को भटका रही है। 2014 से लेकर 2018 तक ही मॉब लींचिंग के 80 मामले हुए हैं। जसविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से लोकतंत्र के लिए खतरे पैदा हो गए हैं। उन्होंने 12 निर्वाचित राज्य सरकारों को गिरा कर लोकतंत्र की हत्या की है। भाजपा सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हमले कर रही है। माकपा नेता ने कहा कि कारपोरेट घरानों के पैसे से सत्ता में आई भाजपा सिर्फ कारपोरेट घरानों के हितों को सरंक्षण दे रही है। देश के 80 करोड लोग जब 20 रुपये रोड पर गुजारा कर रहे हैं, तब दो पूंजीपतियों की सम्पति में रोड 1000 करोड का इजाफा हो रहा है। जसविंदर सिंह ने कहा कि आजादी की गौरवशाली परम्पराओं और विरासत की रक्षा के लिए जरूरी है कि भाजपा को सत्ता से बाहर किया जाए। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने और आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक आजादी के फल पहुंचाने के लिए भी जरूरी है कि कारपोरेट की गुलाम सरकार से मुक्ति पाकर जन हितैषी सरकार स्थापित की जाए। बैठक की अध्यक्षता कैलारस नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रिपोर्ट जिला सचिव महेश प्रजापति ने प्रस्तुत की।

पार्षदों एवं आम जनता के सहयोग से नगरीय क्षेत्र में कराए जाएंगे जनहित के कार्यः अंजली जैन

अंबाह। नगर पालिका परिषद अंबाह की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती अंजलि जिनेश जैन ने कहा है कि शहर का विकास जनता व जनप्रतिनिधियों के सुझाव, सहयोग और विश्वास के बल पर ही संभव है। इसलिये पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर ही विकास कार्यों का रोडमैप तैयार किया जाएगा। उन्हीं के सहयोग से समस्याओं का निस्तारण कराने का पूरा प्रयास रहेगा। श्रीमती जैन ने कहा कि आमजन एवं पार्षदों की बताई गई समस्याओं का निस्तारण कराना नगर पालिका की प्राथमिकता रहेंगी। व्यवस्थाएं प्रभावी बनाने के साथ-साथ पार्षद, अधिकारी और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित किया जायेगा, जिसका सीधा लाभ शहरवासियों को मिल सकेगा। इसके साथ ही प्राथमिकता के आधार पर सड़कों के गड्ढे, सफाई, पेयजल समस्या, खराब स्ट्रीट लाइट के सुधार सहित अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा प्रदत्त निधि से जयश्वर रोड पर डामरीकरण का कार्य कराया जाएगा। जल संवर्धन योजना को प्रारंभ करा के घर-घर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जलभराव की समस्या से निपटने सीवर लाइन प्रस्ताव भेजा जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में जरूरतमंदों को घर मुहैया करवाने के साथ-साथ शहर में स्वच्छता के लिए नागरिकों के सहयोग से विशेष कार्य किए जाएंगे।

मुरैना कलेक्टर के स्थानांतरण की मांग को लेकर गांधी प्रतिमा पर पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

संयुक्त संचालक जनसंपर्क के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन को भेजा ज्ञापन

मुरैना। नगर निगम सभापति निर्वाचन के समय पुलिस और प्रशासन द्वारा पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता के विरोध में पत्रकारों ने गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया और मुरैना कलेक्टर के स्थानांतरण की मांग, पुलिस लाइन सूबेदार मलखान सिंह के निलंबन एवं विभागीय जांच की मांग को लेकर संयुक्त संचालक जनसंपर्क के प्रतिनिधि रामनिवास टुंडेलकर के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि 5 अगस्त को नगर निगम सभापति के निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग और मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुसार निर्वाचन की पारदर्शिता को दरकिनार करते हुए मुरैना कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन द्वारा मीडिया के प्रवेश को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिबंधित कर दिया था, जिसका विरोध पत्रकारों ने किया तो पुलिस लाइन सूबेदार मलखान सिंह के द्वारा पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की कर अभद्र व्यवहार कर अपशब्दों का प्रयोग किया, जिससे आहत पत्रकारों ने लगातार तीन दिन से कलेक्टर मुरैना और पुलिस के खिलाफ आंदोलन करते हुए मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं गृह मंत्री सहित डीजीपी पुलिस के नाम ज्ञापन दिया जा रहा है। रविवार को तीसरे दिन भी पत्रकारों ने गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए संयुक्त संचालक जनसंपर्क के प्रतिनिधि रामनिवास को ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर मुरैना के स्थानांतरण की मांग राज्य सरकार से की है, साथ ही डीजीपी मध्य प्रदेश पुलिस से लाइन सूबेदार मलखान सिंह के निलंबन और विभागीय जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जब तक पत्रकारों की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक सरकार के नाम ज्ञापन देने और कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन एवं पुलिस लाइन सूबेदार के विरुद्ध आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

बिना अनुमति के खुले बाजार में की जा रही है जिलेटिन जैसे विस्फोटक पदार्थ की बिकी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

श्योपुर -जिले की विजयपुर तहसील मुख्यालय पर स्थित कुछ दुकानदारों द्वारा बगैर किसी अनुमति के जिलेटिन एवं डेटोनेटर जैसे विस्फोटक पदार्थों की बिकी धनी आबादी में स्थित दुकान से की जा रही है जिससे कभी भी कोई गंभीर घटना घटित हो सकती है और कई निर्दोष लोगों की जान जा सकती है यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि इन विस्फोटक पदार्थों के लाखों रूपये के बिलों का भुगतान जनपद पंचायत विजयपुर द्वारा किया गया है एवं बिलों का भुगतान करते समय इस बात को भी नजरअंदाज किया गया कि बिल बनाने वाले फर्म संचालक ने विस्फोटक पदार्थ बेचने की अनुमति प्रशासन से ली है या नहीं? इससे ऐसा लगता है कि जनपद पंचायत के अधिकारी एवं फर्म संचालक चंद रुपयों के

लालच में कई निर्दोष लोगों की जान खतरे में डाल रहे है। मैने मनरेगा पोर्टल के माध्यम से जनपद पंचायत विजयपुर से भुगतान किए गए कुछ बिलों की प्रतियां निकाली तब मुझे ज्ञात हुआ कि विजयपुर नगर के मध्य तहसील मुख्यालय के पास स्थित फर्म कैलादेवी ट्रेडर्स के संचालक मोहन गुप्ता एवं एस.एल. ट्रेडर्स के संचालक शिवजी गुप्ता ने लाखों रूपये का विस्फोटक पदार्थ बिना अनुमति के विभिन्न पंचायतों को विकय किया है जिनका भुगतान जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर से प्राप्त किया है।

प्रशासन बना हुआ है मूक दर्शक

भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती ममता गर्ग द्वारा विस्फोटक पदार्थों की अवैध बिक्री के संबंध में संबंधित विभिन्न प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को शिकायती आवेदन पत्र भेजे थे तथा संयुक्त विस्फोटक नियंत्रक भोपाल की ओर भी पत्र लिखा था जिसके क्रम में संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक भोपाल द्वारा दिनांक 12.04.2022 को एक पत्र जारी कर कलेक्टर श्योपुर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लिखा था जिसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक श्योपुर को भी भेजी थी। लगभग 4 माह का समय निकल जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की गई है और वे मूकदर्शक बनकर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है।

भवानी शंकर माली किया सवाई माधोपुर का दौरा

ब्यूरो चीफ जितेंद्र सिंह

राजस्थान धरोहर प्रदीकरण के सदस्य भवानी शंकर माली के एक दिवसीय सवाई माधोपुर दौरे के दौरान उनका कई जगह पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व माली समाज के लोगों ने स्वागत किया माली ने अपने परिवार के साथ रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया वे बाघों की नगरी में विराजमान भगवान

त्रिनेत्र गणेश जी महाराज के यहां पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी से मांग की प्रदेश की खुशहाली वे 2023 श्री अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार दोबारा बने इस दौरान सवाई माधोपुर युवा नेता जितेंद्र सैनी समाजसेवी रामकिशोर सेठ कुस्तला ने मालि को सवाई माधोपुर में विराजमान कई अन्य दर्शनीय टेंपल के दर्शन करवाएं साथ ही सुखवास होटल पर समाज के लोगों द्वारा माली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर समाज के लोगों ने माली से कहा आप राज्य सरकार के सदस्य हैं आप हमारे समाज 12 परसेंट आरक्षण की की मांग जो पिछले कई साल से चल रही है इसे माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखें और समाज को अपना हक और अधिकार दिलाने की कोशिश करें जिससे हमारे समाज को भी अन्य समाज की तरह आगे बढ़ने का नौकरी पाने का अवसर मिलेगा भवानी शंकर माली ने कहा निश्चित तौर पर माली समाज की जो मांगे हैं वह मिलेगी आप लोग डटे रहें लड़ते रहें मैं जल्द ही मुख्यमंत्री जी से मिलकर समाज की जो आरक्षण के साथ साथ जो मांगे हैं उन्हें अवगत कराकर पूरी कराने का प्रयास करूंगा इस अवसर पर गोट बिहारी सरपंच गोपाल माली सुखवास निवासी हनुमान प्रसाद माली मिर्ची व्यापारी राम कल्याण माली राजू सैनी कैलाश माली डॉक्टर गिर्राज माली सुखवास होटल के मालिक रतन लाल माली आदि समाज बंधु उपस्थित रहे

अम्बाह थाना परिषर में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न त्यौहार शांति एवं सद्भावना से मनाये...एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा

केशव पंडित जी अम्बाह

अम्बाह। थाना परिषर में आज आगामी त्योहारों रक्षाबंधन, जन्माष्टमी एवम मुहर्र्म की व्यबस्था को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा, निरीक्षक जितेन्द्र नगायच, उपनिरीक्षक पारथ सिह परिहार तहसीलदार राजकुमार नागौरिया,सीएमओ , बिधुत बिभाग के सदस्य , ने उपस्थित रहै एसडीओपी ने लोगो से रक्षाबंधन,मुहर्रम ताजिये,जन्माष्टमी के त्यौहारो को शांति एवं सद्भावना से अपनो के साथ मनाने की बात कही।उन्होंने बताया कि बारिष का मौसम है इसलिए जल्द से जल्द मुहर्र्म के कार्यक्रम के समापन की बात कही और मार्ग में जहां भी बिधुत के तार नीचे है उनको ऊंचा करने के लिए बिधुत बिभाग के

हिदायत दी कि नवागत नगर निरीक्षक को यहाँ की पूरी ब्यबस्था की जानकारी है तो किसी भी प्रकार की गतिबिधियो मे शान्ति भंग करने का प्रयास किया तो शक्त से शक्त कारबाही हो पुलिस पॉइन्ट प्रत्येक जगह उपलब्ध रहै और नगर में लगे कैमरों से भी निगरानी की जाबेगी इस लिये त्यौहारो को शान्ति सभ्दवना से मनाने की बात कही

शांति समिति की बैठक में ये रहे मौजूद: शांति समिति की बैठक में कबीन्द्र सिह तोमर खेम सिह भदौरिया गणेश सिह तोमर पप्पू पारासर की गढी बन्टी चौहान मीनू खॉन गुड्डू खॉन अब्बदुल रहू निजाम खॉन आदि समाज कर्मचारियों को आदेशित किया और सभी को सेवी मौजूद रहै।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल शिवपुरी पहुंचे, सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ओनर दिया गया

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी जिले में एमपी के राज्यपाल शिवपुरी पहुंच चुके हैं। शिवपुरी पहुंचने पर सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ओन दिया गया। राज्यपाल आने पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है और जिस रास्ते से राज्यपाल का काफिला गुजरेगा वहां से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया गया है। इसी के तहत आज कोलारस क्षेत्र के देहरदा तिराहे से प्रशासन ने आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यहां दुकान व सब्जी व अन्य ठेले वालों का अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि को मुक्त करवाया गया। इस मौके पर एसडीएम बृज बिहारी श्रीवास्तव

सहित नायब तहसीलदार दिलीप द्विवेदी सहित कोलारस थाना और लुकवासा चौकी पुलिस मौजूद रही। यहां बता दें कि राज्यपाल मंगू भाई पटेल आज शाम शिवपुरी पहुंच गए हैं। रात्रि विश्राम वह शिवपुरी के सर्किट हाउस में करेंगे, जिसके बाद सुबह शिवपुरी जनपद की हातौद पंचायत में पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जिसके बाद वह अशोकनगर के लिए रवाना होंगे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल का काफिला कोलारस के देहरदा तिराहे से होकर अशोकनगर के लिए गुजरेगा।

सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

ब्यूरो चीफ जितेंद्र सिंह

राजस्थान। सैनी,कुशवाह,मौर्य शाक्य,समाज द्वारा 12त्न आरक्षण की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष श्री सीएल सैनी जी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर श्री सुरेश कुमार ओला जी को सवाई माधोपुर मे ज्ञापन दिया। मीरा सैनी जी पूर्व प्रधान,राजेश जिला युवा अध्यक्ष, महेश जनरल मैनेजर गहलोत ट्रैक्टर्स युवा नेता जितेंद्र केलाश नारायण कन्हैयालाल एडवोकेट कमल किशोर रामकिशोर सेठ कुस्तला,मदनमोहन जिला परिषद सदस्य,एडवोकेट जेपी सैनी जी,काडूराम पूर्व पार्षद,मानसिंह बंदरपुरा,अरविंद बबलू , एवं कई बहनों के साथ समाज के गणमान्य लोग उपस्थित

नगर पालिका बालाघाट के अध्यक्ष उपाध्यक्ष में लहराया भाजपा का परचम



निर्वाचित अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर एवं योगेश बिसेन उपाध्यक्ष को दिया गया प्रमाण पत्र

7 अगस्त 2022 को कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा नगर पालिका परिषद बालाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्रवाई संपन्न कराई गई । निर्वाचन प्रक्रिया के पश्चात श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर को अध्यक्ष एवं श्री योगेश बिसेन को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। पीठासीन अधिकारी डॉ मिश्रा द्वारा नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । निर्वाचन की कार्रवाई संपन्न होने के पश्चात नगर पालिका परिषद बालाघाट के सभी पार्षदों के द्वारा संकल्प लिया गया कि हर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त 2022 तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाएंगे और अपने वार्ड के सभी घरों में तिरंगा झंडा लगाने के लिए आमजन को प्रेरित करेंगे।

आजादी के 75 अमृत महोत्सवके तहत भाजपा महिला मोर्चा ने बुनकरों महिलाओं का किया सम्मान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आजादी के 75 वां अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत सत्ता और संगठन के आव्हान पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के निर्देशन में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन के नेतृत्व में आर्य नगर स्थित बुनकर मातृशक्ति बहनों के बीच पहुंच कर उनका शॉल, श्रीफल और पुष्प मालाओं से बैठकर उनका सम्मान किया भाजपा महिला बहनों ने बुनकर महिला कारीगरों के संस्थान जयपुरी कलेक्शन बुटीक पर पहुंचकर खादी से बनाई गई साड़ियों को भी खरीद कर उनका सम्मान किया और खादी का प्रचार भी किया गया द्य सम्मान बुनकर महिलाओं में संस्था की संचालक प्रतिमा कुशवाह, शुभा कुशवाह, रानी कुशवाह, शिल्पी कुशवाह, सपना नरवरिया, प्रमुख शामिल थीं द्य

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से 13 से 15 अगस्त

को तक भिंड जिले के सभी 26 मंडलों में हर समाज की मातृशक्ति के बीच महिला कार्यकर्ता राष्ट्रीय ध्वज का वितरण करेंगे और राष्ट्रीय तिरंगा अभियान को दृष्टिकोण रखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷हर-घर तिरंगा÷ अभियान को मंडल स्तर पर करने हेतु सभी बहनों से परिश्रम की पराकाष्ठा करने का आव्हान किया।

बुनकर दिवस पर बुनकरों का सम्मान तथा लूम से बने साड़ी-कपड़े खरीदें, पहनें एंव सभी को खरीदने, पहननें हेतु भी प्रेरित करें। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन ने कहा किरक्षा सूत्र का पवित्र त्योहार भी अगस्त को है जिसके लिए देश की रक्षा करने वाले वीर सिपाहियों के लिए सीमा पार राखी भेजने एवं शहर की सुरक्षा में लगे हमारे पुलिसकर्मी भाइयों को भी राखी बांधने का कार्य महिला मोर्चा की सभी बहनों द्वारा किया जाएगा। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती जैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज को अपने हाथों में लहराते हुए आजादी के अमृत महा उत्सव को दृष्टिकोण रखते हुए दुकानदारों और घर के सदस्यों से आवान किया की यह ध्वज राष्ट्र का प्रतीक है अपने घरों और दुकानदारों पर लगा कर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करें बुनकर महिला संचालकों का सम्मान करने वालों में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा शर्मा जिला महामंत्री, संगीता कौशल, जिला कोषा अध्यक्ष नीलम भदौरिया एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष ओं में गीता राजावत, विनीता सोनी ,अनीता चोपड़ा, कमलेश जुनेजा, रेखा शुक्ला रेखा अग्रवाल प्रमुख बहनें उपस्थित थीं

म.प्र. जन अभियान परिषद रौन द्वारा हर घर तिरँगा जागरूकता संगोष्ठी संपन्न

राष्ट्र का स्वाभिमान है तिरंगा- प्रो. इकबाल अली

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लॉक रौन के तत्वावधान में जनपद सभागार में हर घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद प्रो. इकबाल अली साहब ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, आज ही के दिन 07 अगस्त 1906 को कोलकाता के पारसी बागान में झंडा फहराया गया था। जो कि आजादी के 41 साल पहले हमने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपने तिरंगे को अपना लिया था, तिरंगा ध्वज राष्ट्र का स्वाभिमान है, भारतीय संविधान के प्रत्येक व्यक्ति को तिरंगा फहराने का मौलिक अधिकार है। जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा ने कहा आजादी कि 75 वर्ष के उपलक्ष में अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा लगाने का अभियान 13 अगस्त से चलाया जाएगा जिसमें हम सभी प्रत्येक नगर गांव गांव गली गली मोहल्लों में घर-घर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाना है। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रेम नारायण बरुआ और आभार प्रदर्शन हरी बाबू निराला ने किया। कार्यक्रम में अनिल बोहरे, रामवीर सिंह राजावत, कपूर सिंह कुशवाह, सर्वेश शर्मा, दीक्षा राठौड़, विकास जैन, राकेश शर्मा, रूपेश सिंह कुशवाह, प्रशांत बरुआ, बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

गाँव का कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र युवाओं को दे रहा संबल

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुँचकर बालिकाओं से की चर्चा

भोपाल। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण में शिक्षित युवाओं को सरकारी व्यय पर कम्प्यूटर की बुनियादी शिक्षा और टाइपिंग का प्रशिक्षण देने की जो पहल हुई है, वह प्रदेश के लिए उदाहरण बन रही है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को केवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण ही नहीं, कम्प्यूटर डिप्लोमा और प्रमाण-पत्र भी मिलेगा, जो उन्हें सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने में मददगार साबित होगा। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने ग्वालियर के ग्राम हस्तिनापुर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने लगभग 21 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया।

कम्प्यूटर सीख कर गदगद हैं ग्रामीण बालिकाएं: राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने हस्तिनापुर के कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं से चर्चा की। अपने गाँव में ही कम्प्यूटर की शिक्षा पाकर बालिकाएँ गदगद थीं। ग्राम तोर निवासी कु. लक्ष्मी माहौर और हस्तिनापुर की कु. नेहा पाराशर सहित अन्य बालिकाओं का कहना था कि हमने पहले कम्प्यूटर का केवल नाम सुना था। अब हम एम एस वर्ड, एक्सल और पावर प्वॉइंट का काम भी कम्प्यूटर पर कर लेते हैं। साथ ही कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी की टाइपिंग भी सीख ली है। ग्राम तोर निवासी अनुष्का कहने लगीं कि अभी तक हम गाँव में चौका-चूल्हा और अन्य कामों तक ही सीमित रहते थे। अब हमारी उँगलियाँ कम्प्यूटर पर सरपट दौड़ने लगी हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रशिक्षणरत सभी बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि वे खूब मन लगाकर कम्प्यूटर सीखें। प्रशिक्षण के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। हस्तिनापुर के कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में 100 शिक्षित युवाओं का बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है और वर्तमान में इतनी ही बालिकाएँ और शिक्षित युवा कम्प्यूटर सीख रहे हैं।

एक हफ्ते में आवेदक के घर तक समस्या निराकरण की सूचना पहुँचाएँ

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने हस्तिनापुर में जन-समस्या निवारण शिविर में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आई समस्याओं का निराकरण एक हफ्ते में करना सुनिश्चित करें और इसके निराकरण की सूचना संबंधित आवेदक तक अवश्य पहुँचाई जाए।

तिरंगा रैली में शामिल हुए राज्य मंत्री श्री कुशवाह

हस्तिनापुर में जन-समस्या निवारण शिविर में शामिल होने पहुँचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनने का आह्वान भी ग्रामीणों से किया। श्री कुशवाह हस्तिनापुर में निकली तिरंगा रैली में भी शामिल हुए और हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष दलराज सिंह किरार, जनपद सदस्य चरन सिंह राणा, कुंबर सिंह, प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

इंदौर में पान मसाला-सिगरेट कारोबारियों के सात ठिकानों पर जीएसटी की कार्रवाई

इंदौर। वाणिज्यिककर विभाग यानी स्टेट जीएसटी की टीमों ने शनिवार को सियागंज से कारोबार कर रही पांच व्यापारिक फर्मों के सात ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दायरे में आई फर्म पान मसाला और सिगरेट के कारोबार से जुड़ी हैं। टैक्स चुकाए बिना खरीदी बिक्री और कर अपवंचन के शक में कार्रवाई की गई।

जवाहर मार्ग और सिंधी कालोनी में फर्मों के गोदाम भी जांच के दायरे में हैं। कार्रवाई देर रात तक चलती रही। शनिवार सुबह से वेयर हाउस रोड स्थित गोल्डन पान मसाला, राधा ट्रेडर्स राधा चैबर जवाहर मार्ग, लक्ष्मी इंटरप्राइजेस सिंधी कालोनी, हनी ट्रेडर्स सियागंज और शिवम इंटरप्राइजेस जवाहर मार्ग पर कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान इन फर्मों के तार अन्य फर्मों से जुड़े मिले तो वहां भी स्टेट जीएसटी की टीमें पहुंचीं। बिना पक्के बिल और पर्चियों पर किए जा रहे कारोबार को पकड़ने की कोशिश में विभाग की टीमें लगी हैं। जांच में शामिल अधिकारी स्टाक और खरीदी-बिक्री के साथ बिल बुकों के मिलान में रात तक लगे थे। हालांकि वाणिज्यिककर विभाग की ओर से शाम तक किसी तरह की टैक्स चोरी पकड़ने का आंकड़ा जारी नहीं किया गया।

30 अधिकारी कार्रवाई में जुटे

स्टेट जीएसटी ने वर्षों बाद पान मसाला के कारोबार से जुड़े लोगों पर सीधे छापा मारा है। अब तक केंद्रीय एजेंसियां ही इन पर कार्रवाई करती रही हैं। दरअसल विभाग को फर्मों द्वारा दिए रिटर्न में कम कारोबार दिखाने और कर अपवंचन का शक था। इसके बाद मुख्यालय से निर्देश लेकर कार्रवाई की गई। बीते दिनों से विभाग तमाम जीएसटी रजिस्टर्ड फर्मों की स्क्रूटनी कर रहा है। स्क्रूटनी में कर चोरी की शंका के आधार पर आयुक्त लोकेश कुमार जाटव ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सहायक आयुक्त धर्मेंद्र सोनकर के साथ अभिषेक रावत, आलोक जैन और इंस्पेक्टरों समेत 30 अधिकारी कार्रवाई में जुटे हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस सुरक्षा भी ली गई है।

श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति रजि. द्वारा शिक्षा प्रेमीयो के अमुल्य सहयोग

पुष्पाजंली टुडे

मुम्बई-आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने पुरे भारत मे स्वजातीय परिवार को जुलाई व अगस्त महिने 2022 मे नये शिक्षा सत्र की प्रवेश पर बिलाडा क्षेत्र से 3 परिवारो व पाली व सौजत क्षेत्र से 6 परिवारो व बाली व देसुरी क्षेत्र से 5 परिवारो शिक्षा हेतु कुल =14 परिवारो को कुल राशी =276000 दो लाख छियतर हजार रुपये की मदद दी गई समिति ने अब तक पिछले पाच वर्षो मे 218 परिवारो को शिक्षा पर कुल राशी =54 लाख की मदद की गई ।साथ- साथ कौराना महामारी पर मानवप्रेमीयो दानदाताओ के सहयोग से दो एम्बुलेस एक जैतारण व दुसरी सौजत क्षेत्र मे मानव सेवा के लिये उपलब्ध करायी गई। अध्यक्ष सुजाराम गेहलोत ने सभी समाज बन्धुओ से आग्रह किया है की आप भी अपनी कमाई मे से कुछ हिस्सा समाज के शिक्षा पर समिति को सहयोग करे। और समिति के सरंक्षक रामलाल सेंणचा गांधीधाम ने बताया की ।शिक्षा के क्षेत्र मे अब न पिछडे हमारा सीरवी।

नगर में भाजपा के प्रति जनता के विश्वास की हुई जीत - अजय सुखदेवे

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

बालाघाट भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय सुखदेवे ने श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर को नगरपालिका अध्यक्ष पद एवं योगेश बिसेन को नगरपालिका उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित होने पर बधाई देते हुये कहा कि नगर में जनता की जीत हुई है,भाजपा के प्रति विश्वास की जीत है। आगे उन्होने कहा की मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, मध्यप्रदेश आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे, बालाघाट भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के मार्गदर्शन के साथ बालाघाट नगरपालिका चुनाव प्रभारी श्रीमती मौसम हरिनखेड़े के नेतृत्व में पूरी भाजपा संगठन ने एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा हैं, विजयी हासिल किया है। आगे कहा की श्रीमती भारती ठाकुर शुरूआत से ही सामाजिक क्षेत्र में कार्य करती आ रही हैं जबसे आप भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हुयी हैं तबसे महिलाओं का भाजपा में हुजूम सा लग गया हैं आप धार्मिक कार्यों में भी आगे बड़के आती हैं दया, करुणा भाव की आप सागर हैं, पूरे नगर का चहुमुखी विकास होंगा। सभी वार्डों में सुधार के साथ विकास कार्यो को तेजी मिलने के साथ ही एक नया बालाघाट का स्वरूप तैयार करने में आपकी अहम भूमिका रहेंगी।

महिला प्रबंधक सुसाइड केस... पिता ने फिर दोहराए आरोप, अधिकारी कर रहे थे प्रताड़ित

भोपाल। वल्लभ भवन के उद्योग विभाग में 27 वर्षीय रानी शर्मा का तबादला एक छोटी सी बात पर इंदौर कार्यालय से भोपाल मंत्रालय में सीधे प्रमुख सचिव एवं एमडी ऑफिस कर दिया गया था। भोपाल

में मैनेजर का कोई पद नहीं था, इसके बावजूद रानी शर्मा को मंत्रालय अटैच किया गया था। रानी शर्मा के पिता एएसआइ वेदराज शर्मा ने अपनी बेटी से मोबाइल पर हुई बातचीत एवं कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर फिर से विभागीय अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पिता वेदराज का कहना है कि उनकी बेटी को इंदौर से भोपाल एक मीटिंग में शामिल होने के लिए बुलाया था और वो नहीं आई। दरअसल, इंदौर कार्यालय के ईडी सक्सेना ने खुद रानी को मना कर मीटिंग में आने के लिए अपना नाम आगे बढ़ा दिया था। बैठक में जब सक्सेना अधिकारियों के सवालों का जवाब नहीं दे पाए तो इस बात से नाराज होकर विभाग के एक अधिकारी ने सजा बतौर रानी शर्मा को तत्काल प्रभाव से कार्यालय अटैच कर भोपाल आने के निर्देश दिए थे। भोपाल कार्यालय में प्रमुख सचिव के निजी सचिव के अंडर में काम पर लगा दिया गया। रानी शर्मा ने कई बार अपने जूनियर होने का हवाला देकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा काम का अतिशय बोझ लादे जाने की बात कही थी। गौरतलब है कि 01 अगस्त की सुबह 5-00 बजे रानी शर्मा ने शाहपुरा के अर्बन लाइन में पांचवीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से कूदकर खुदकुशी कर ली थी।

मेडिकल के छह जूनियर डाक्टर निलंबित, छात्रावास खाली करने का नोटिस जारी

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल के छह जूनियर डाक्टरों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित जूनियर डाक्टरों को अविलंब छात्रावास खाली करने का आदेश भी दिया गया है। निलंबित जूनियर डाक्टरों पर नगर निगम के कर्मचारियों से मारपीट का आरोप है, जिनके खिलाफ गढ़ा थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपित जूनियर डाक्टरों को गिरफ्तार करने के बाद नोटिस पर छोड़ा था। जूनियर डाक्टरों की इस हरकत को अनुशासनहीनता मानते हुए कालेज काउंसिल की बैठक में आगामी आदेश तक के लिए निलंबन व छात्रावास खाली कराने पर सहमति बनी थी। जिन जूनियर डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें ऋषभ गर्ग, विनायक पटेल, ऋषभ सिसोदिया, सुशील कुमार, अभिनव साहनी तथा धीरज कुमार शामिल हैं।

निगम कर्मचारियों ने की थी हड़ताल-

हमले के विरोध में नगर निगम कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल की थी। उन्होंने जूनियर डाक्टरों का पंजीयन निरस्त करने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया था। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की समझाइश पर कर्मचारी काम पर लौट गए थे।

हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान मरीजों को नहीं मिल रहा संपूर्ण मुफ्त इलाज

भोपाल। जबलपुर के अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अस्पतालों की इलेक्ट्रिकल एवं फायर आडिट कराने में लगा है। उधर, हाल यह है कि आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निश्शुल्क इलाज तक नहीं मिल पा रहा है। हमीदिया अस्पताल में मरीज को इलाज के लिए 30 हजार से 40 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को तुरंत दवाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। कई बार मरीजों को ऐसे इप्लांट लगाने की जरूरत पड़ती है जिनका आयुष्मान भारत योजना के तहत आपूर्ति के लिए अनुबंध नहीं नहीं किया जाता है। तीसरी दिक्कत है आती है कि आपूर्तिकर्ता समय पर सामग्री की आपूर्ति ही नहीं करता है। हड्डी के मरीज ही नहीं, सर्जरी और दूसरे विभाग में भी तरह की दिक्कत आ रही है। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि उनके पास ऐसी शिकायत नहीं आई है। अगर ऐसा है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।

केस- 1

नर्मदापुरम के रहने वाले गोपाल को बाइक से गिरने की वजह से हमीदिया अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने यहां उनका ऑपरेशन किया। गोपाल ने बताया कि उनके करीब हजार रुपए लग गए हैं जबकि उनके पास आयुष्मान कार्ड भी है। उन्होंने बताया कि डॉ दवा या अन्य सामान लाने के लिए छोटी सी पर्ची देते हैं। चिकित्सकों का यही कहना होता है कि अस्पताल में दवाई नहीं है, इसलिए बाहर से लाना पड़ेगा।

केस- 2

सिलवानी के रहने वाले रामकुमार ने बताया कि गिरने की वजह से उनके हाथ पैर में फैक्चर आया था। हमीदिया अस्पताल में पटेल वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि भर्ती होने से लेकर अब तक उनके करीब 8000 रुपए खर्च हो चुके हैं। गरीबी की वजह से वह निजी अस्पताल में इलाज कराने नहीं गए। उन्हें लगा कि आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज हो जाएगा, लेकिन सामान उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर डॉक्टरों ने करीब 8000 रुपए की दवाएं व अन्य सामग्री खरीदवाई।

जेपी में चार महीने से बंद है मेटरनिटी विंग की लिफ्ट

जेपी अस्पताल की मेटरनिटी विंग की लिफ्ट चार महीने से बंद पड़ी है। प्रसूताओं को दो मंजिल तक सीढ़ियों से आना-जाना पड़ रहा है। इसके पहले इमरजेंसी की लिफ्ट खराब थी, यह 2 महीने पहले ही सुधर पाई है। मेटरनिटी की लिफ्ट खराब होने की वजह से बच्चा वार्ड में जाने वाले मरीजों को भी दिक्कत हो रही है।

महावीर जयंती पर इंदौर में श्वेतांबर जैन समाज ने निकाला जुलूस, गूंजे जयघोष

इंदौर। 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2621वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। कोरोना संक्रमण के चलते दो साल बाद श्वेतांबर जैन समाज द्वारा गुरुवार सुबह राजवाड़ा स्थित महावीर भवन से जुलूस निकाला गया। इसमें भगवान महावीर के जियो और जीने दो का संदेश देते हुए हजारों समाजजन त्रिशलानंदन वीर की...जय बोलो महावीर की का जयघोष लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। वहीं दिगंबर जैन समाज दोपहर 3.11 बजे से रथयात्रा निकालेगा। अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महासंघ द्वारा सुबह राजवाड़ा स्थित महावीर भवन से जुलूस निकाला गया। जुलूस को जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिकों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जुलूस आचार्य मुक्तिसागर के सान्निध्य में निकला। जुलूस में ऊंट और घोड़े भी शामिल हुए। इनके पीछे चांदी के रथ में महावीर भगवान की स्वर्ण निर्मित मूर्ति विराजित थी। समाजजन ने महावीर की जन्मस्थली बिहार के क्षत्रिय कुंड से लाई गई रज के दर्शन भी जुलूस में किए। अध्यक्ष कैलाश नाहर और योगेंद्र सांड ने बताया कि खरतरगच्छ के इंद्र बने जैन युवा नंगे पैर रथ को खींचते हुए चल रहे थे। जुलूस में आठ चलित झूले, 64 इंद्र कुमार, 54 दिक कुमारियां, 40 भजन मंडलियां भी शामिल हुईं। जुलूस में पांच मनोहारी झांकियां भी शामिल हुईं। जुलूस राजवाड़ा से शुरू हुआ, जो गोपाल मंदिर, पीपली बाजार, जवाहर मार्ग, राज मोहल्ला, बड़ा गणपति, महावीर बाग होते हुए दयाल बगीची पहुंचेगा।

दिगंबर जैन समाज - निकलेगी रथयात्रा, होंगे कलशाभिषेक: दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के तत्वावधान में भगवान महावीर की रथ यात्रा दोपहर 3.11 बजे कांच मंदिर इतवारिया बाजार से निकाली जाएगी। यात्रा नृसिंह बाजार, जवाहर मार्ग, वैष्णव स्कूल, गणेशगंज, बड़ा गणपति चौराहा, मोदीजी की नसिया, नेमिनाथ चौराहा, मल्हारगंज धानमंडी, नलिया बाखल, शीतलामाता बाजार कोने से मुड़कर पुन- कांच मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद संतों के प्रवचन और श्रीजी के कलशाभिषेक होंगे।

न्यायाधीशों ने खरीदी बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों के हाथों बनीं राखियां

जबलपुर। जिला न्यायालय जबलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना द्वारा एक अनूठी पहल की गई। उनकी ओर से जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में बाल

सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर के बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया और उनके द्वारा सर्वप्रथम राखी व अन्य सामग्री क्रय की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार सक्सेना ने बताया कि उक्त संकल्पना का उद्देश्य बाल-सम्प्रेक्षण गृह के बच्चों को प्रोत्साहित करना है। साथ ही उनको समाज की मुख्य धारा से जुड़े रहने के लिए भी प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ममता जैन, विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमाशंकर अग्रवाल, जेजेसी के सचिव समरेश सिंह कुशवाहा, प्रधान मजिस्ट्रेट मंजू सिंह एवं अन्य समस्त न्यायाधीशगण, जिला न्यायालय एवं प्राधिकरण के कर्मचारीगण, जिनके द्वारा बच्चों के प्रोत्साहन के लिए उक्त सामग्री क्रय की गई। महिला बाल विकास से अनुज शर्मा उक्त स्टाल पर उपस्थित रहे।

बामनिया कुंड, घुमावदार हरियाली से पटा रास्ता और पत्थरों को चीरकर बहता झरना

इंदौर। जितना खूबसूरत यहां का नजारा है, उतना ही दिलकश यहां तक पहुंचने का रास्ता। बरसात के दिनों में तो यहां प्रकृति का रूप और भी निखरा नजर आता है। शोर-शराबे से दूर यह प्राकृतिक स्थल है बामनिया कुंड। यह ऐसा स्थान है जहां हर उम्र का व्यक्ति सुकून की तलाश में पहुंचता है। महू से करीब 14 किमी दूर बामनिया कुंड एक ऐसा स्थान है, जहां झरने को न केवल देखा जा सकता है बल्कि उसमें नहाकर या उसके बहते शीतल जल में पांव डालकर उसका आनंद भी लिया जा सकता है। इंदौर से महू और महू से कोदरिया गांव होते हुए मलेंडी गांव जाना पड़ता है और उस गांव से होकर ही बामनिया कुंड तक पहुंचा जा सकता है। कोदरिया गांव से मलेंडी तक का रास्ता बहुत ही खूबसूरत है। दूर नजर आती विंध्याचल पर्वतमाला, हरियाली और घुमावदार पक्की सड़क और इसके दोनों ओर सघन वन... कुल मिलाकर पूरी तरह प्राकृतिक परिवेश।

कच्चा रास्ता और दूर तक आती झरने की आवाज

मलेंडी से कुंड तक पहुंचने का मार्ग कच्चा है इसलिए गांव के मुहाने पर बनी चौकी से थोड़ा आगे तक ही वाहन ले जाए जा सकते हैं। उसके आगे ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है। यहां तीन चरणों में झरने को गिरते देखा जा सकता है। पहले चरण में कुंड नुमा दिखता है और यहां से आगे बहता पानी दूसरे चरण में नीचे गिरता है। जहां यह पानी गिर रहा है वहां तक भी सामान्य तौर पर जाया जा सकता है लेकिन तीसरे चरण में गिरने वाला प्रपात खतरनाक है। गहराई भी ज्यादा है।

सावधान

यूथ होस्टल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अशोक गोलाने के अनुसार यहां पहले व दूसरे चरण वाले झरने तक तब ही जाएं, जब पानी कम हो और रास्ता फिसलन भरा न हो। जब पानी का रंग बदलता दिखे तो तुरंत सूखे भाग में आ जाएं क्योंकि पानी का बदलता रंग संकेत है कहीं और तेज बरसात होने का जिसका बहाव यहां आ रहा है। ट्रैकिंग के लिए जाएं तो रस्सी, टार्च जरूर लेकर जाएं और खान-पान की वस्तुएं भी रखें क्योंकि यहां बाजार नहीं है।

बड़े तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु संसाधन बढ़ाएं और जलकुंभी शीघ्रता से निकाले

भोपाल। कलेक्टर अविनाश लवानिया एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने रेतघाट, व्हीआईपी रोड, बादल महल, करबला आदि क्षेत्रों में बड़े तालाब का निरीक्षण किया और संसाधन बढ़ाकर जलकुंभी शीघ्रता से निकालने के निर्देश दिए। कलेक्टर अविनाश लवानिया व निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को रेतघाट, व्हीआईपी रोड स्थित डॉ. शंकर दयाल शर्मा पार्क, बादल महल, राजाभोज प्रतिमा स्थानों पर बड़े तालाब का निरीक्षण किया और जलकुंभी निकालने के कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री लवानिया ने निर्देशित किया कि तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु हार्वेस्टर, एक्सेलेटर, नाव, ट्रक, डम्पर आदि संसाधनों को और बढ़ाकर तालाब से दो दिन में जलकुंभी को पूरी तरह से निकालने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पत्रकारों ने राष्ट्रीय गौरव के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कलम के सिपाही तिरंगा फहराते हुए निकले शहर की सड़कों पर

ग्वालियर प्रेस क्लब और मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के सयुंक्त आयोजन

ग्वालियर । मध्यप्रदेश पत्रकार संघ और ग्वालियर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज रविवार को राष्ट्रीय गौरव के साथ देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत भव्य विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश के किसी शहर में पत्रकारों की यह पहली तिरंगा यात्रा थी। तिरंगा यात्रा में सेकडों की संख्या में शहर के पत्रकार, साहित्यकार, मीडियाकर्मी, फोटो जर्नलिस्ट हाथों में थामे राष्ट्रध्वज लहराते हुए शामिल हुए। पत्रकारों की तिरंगा यात्रा में भारतमाता की जय, तिरंगा की आन बान शान ऊंची रहे, झण्डा ऊँचा रहे हमारा जैसे जोशीले नारे गूंजते रहे।

तिरंगा यात्रा आज शाम ग्वालियर प्रेस क्लब भवन से शुरू होकर फूलबाग , एम एल वी रोड, पड़ाव होते हुए वापस प्रेस क्लब पहुंची, जहां तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। ग्वालियर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं मप्र पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र माथुर के संयोजन में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुरेश सम्राट, राकेश अचल, बच्चन बिहारी, डॉ भगवान स्वरूप चैतन्य, पूर्व जनसंपर्क संयुक्त संचालक एससी अरोरा सहित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार संगठनों के पदाधिकारीगण की उपस्थिति में हुआ।

कलम के सिपाहियों की यह तिरंगा यात्रा नगर के जिन जिन मार्गो से होकर गुजरी, वहाँ से गुजर रहे राहगीर भी स्वप्रेरणा से देशभक्ति के नारे लगाते हुए स्वयं इस काफिले में शामिल हो गए। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों से निकलकर तिरंगा यात्रा में शामिल पत्रकारों का स्वागत व उत्साहवर्धन किया। इस तिरंगा यात्रा के दौरान हर तरफ देशभक्ति की भावना के साथ लहरा रहे तिरंगा के चलते फूलबाग, एमएलबी रोड, पड़ाव व मोतीमहल रोड का क्षेत्र राष्ट्रप्रेम के रंग से सराबोर हो गया। यात्रा के दौरान पत्रकारों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर नमन भी किया।

ग्वालियर प्रेस क्लब भवन पर नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल के विशेष आतिथ्य व वरिष्ठ पत्रकारगण की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का समापन समारोह हुआ। श्री कन्याल ने ग्वालियर में पत्रकारों द्वारा निकाली तिरंगा यात्रा को प्रेरणास्पद बताया। मध्यप्रदेश पत्रकार संघ संस्थापक ग्वालियर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में इस तरह की तिरंगा यात्राए निकाली जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में ग्वालियर प्रेस क्लब के सचिव सुरेश शर्मा ने सभी पत्रकारगण का आभार व्यक्त किया।

ये हुए शामिल

इस रैली में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा , उपाध्यक्ष प्रदीप तोमर प्रेस क्लब के सचिव सुरेश शर्मा के अलावा सह सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार विनय अग्रवाल , सुरेन्द्र माथुर , राकेश अचल,, बच्चन बिहारी,गुरूशरण सिंह,रवि शेखर ,धर्मेन्द्र तोमर ,रामकिशन कटारे,अजय मिश्रा , विनोद शर्मा हरीश दुबे, ,सविता तिवारी, गीता पांडे , एकात्मता शर्मा, ग्वालियर की ब्रांड एम्बेसडर मंत्रिता शर्मा ,अजय शर्मा , फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राजेश जायसवाल छोटू, रवि उपाध्याय, विक्रम प्रजापति, रविन्द्र चौहान, मुकेश बाथम, जयदीप सिकरवार, राकेश वर्मा, संजय भटनागर , सहित योगेन्द्र खरे, सतीश शाक्यवार, प्रदीप शास्त्री ,जोगेंद्र सेन, आनंद त्रिवेदी, अशोक पाल, , बृजमोहन शर्मा, गोपाल त्यागी, हरीश चन्द्रा, नासिर गौरी , सुनील पाठक, श्याम पाठक, अतुल सक्सैना, रमन शर्मा, दीपक तोमर, संतोष पाराशर, विनोद शर्मा, जावेद खान, टीएन मनीष, पीआरओ मधु शोलापुरकर आदि शामिल थे।

बच्चों ने खुशी से लहराए झंडे

आगाह संस्था और हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब ने वितरित किये झंडे

काशीपुरा शासकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने शनिवार को खुशी से झंडे लहराए। साथ उन्होंने एक सुर में गाना गाया कि झंडा ऊंचा रहे हमारा। इन झंडों का वितरण आगाह संस्था और हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब,राज्य आनंद संस्थान ने किया। आगाह संस्था के अध्यक्ष जीएसएल गौड़ ने बच्चों को झंडे की जानकारी दी। हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने बच्चों को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। आगाह संस्था के सचिव एसआर शिंदे ने कार्यक्रम का संचालन किया।संस्था के उपाध्यक्ष आरके जैन बच्चों से स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर प्रश्न-उत्तर किये। स्कूल की ओर से आभार प्रकट शिक्षक हेमंत त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधान अध्यापक वासुदेव सिंह कौरव ने की।

घर-घर तिरंगा पहुंचा रहे निगम कर्मचारी

ग्वालियर । आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मनाई जा रही है इसी के कार्यक्रम में नगर पालिका निगम आयुक्त शहर में हर घर में फेरे तिरंगा अभियान को लेकर वार्ड क्रमांक 6 के सहायक राजस्व करन टांक निरीक्षक झंडा वितरण किए गए।

रासेयो दल ने निकाली तीन किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा

गांधी उद्यान से कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

आज़ादी के अमृतमहोत्सव के अंतर्गत आज सुबह 9 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 700 स्वयंसेवकों ने गांधी उद्यान फूलबाग से जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार तक तीन किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली । पारम्परिक भेषभूषा से सुसज्जित युवाओं ने अपने हाथों में तिरंगा थामे गगनभेदी जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया ।

स्व. शेजवलकर शोषित पीड़ित समाज की सेवा में हमेशा अग्रणी रहे : महापौर

पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 99वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

ग्वालियर । पूर्व महापौर एवं पूर्व सांसद स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 99वीं जयंती पर रविवार को निगम मुख्यालय सिटी सेन्टर पर स्थापित स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी प्रतिमा पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

पुष्पांजलि सभा एवं भजन प्रस्तुति के पहले महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि स्वर्गीय श्री नारायण कृष्ण शेजवलकर जी 99वीं जयंती पर हम शत शत नमन करते हैं। स्व. श्री शेजवलकर जी आदर्श स्वयंसेवक थे और शोषित पीड़ित समाज की सेवा करने में हमेशा अग्रसर रहे । उनका बहुआयामी व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणादाई रहेगा । वह राजनीति में सक्रिय रहे और दो बार सांसद वह राज्यसभा सदस्य के साथ साथ ग्वालियर के महापौर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर के विकास की नई नीव रखी । उनका जीवन सादगी भरा रहा है। काकाजी के नाम से मशहूर स्व. श्री शेजवलकर जी के बारे में अगर यह कहा जाए कि वह व्यक्ति निर्माण की संस्था थे, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हम अपनी ओर से विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

भजन प्रस्तुति में सुश्री अंकिता कैलासिया के भजन समूह द्वारा ÷सत्यम शिवम सुंदरम÷ , ÷ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन÷ आदि भजन प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही ग्वालियर के लिए तैयार किया गया गीत घर-घर तिरंगा की भी प्रस्तुति दी गई।

नगर निगम द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत निगमायुक्त किशोर कन्याल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

महापौर एवं सांसद ने किया पौधरोपण

नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम से पहले महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर पौधरोपण भी किया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल की उपस्थिति में वृक्षारोपण करने के उपरांत निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से शहर भर में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान को जन - जन का अभियान बनाने का कार्य भी निगम कर रहा है।।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आत्मीय स्वागत

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार 7 अगस्त को अल्प प्रवास पर ग्वालियर पधारे। विमानतल पर महापौर ग्वालियर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विमानतल पर प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अगवानी की।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल अपराह्न 3.45 बजे विमान द्वारा ग्वालियर विमानतल पर पधारे। कुछ देर रूकने के पश्चात सड़क मार्ग द्वारा शिवपुरी जिले के लिये रवाना हुए। विमानतल पर राज्यपाल का महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर ग्वालियर संभाग के आयुक्त आशीष सक्सेना, एडीजी श्रीनिवास राव, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, एडीएम इच्छित गढ़पाले एवं एच बी शर्मा ने अगवानी की।

मुनिश्री के सानिध्य भक्तामर विधान में श्रध्दालु कर रहे आरधान

संसार मे सच्ची दोस्ती करनी है, तो धर्म और परमात्मा से करो: मुनिश्री

48 दिवसीय भक्तामर विधान में भगवान आदिनाथ महिमा गुड़गान हो रहा है

ग्वालियर । जिसने भगवान और गुरू से प्रेम कर लिया, समझो उसे जन्नात मिल गई। संसार में किसी से सच्ची दोस्ती करनी है, तो भगवान से करो। परमात्मा और धर्म से सच्ची दोस्ती ही तुम्हारा कल्याण करेगी। देव, शास्त्र और गुरू के प्रति आस्था-श्रद्धा रखो। हमेशा यही भावना रखना कि जीवन के अंतिम समय में भगवान और साधु के सानिध्य में मरण हो। भगवान के प्रति 99 फीसद नहीं 100 प्रतिशत आस्था रखो। भगवान पर आस्था रखना प्रहलाद से सीखो। हिरण्यकश्यप राजा की बहन अपने भतीजे को लेकर अग्नि बैठ जाती है, लेकिन भगवान में अटूट आस्था रखने वाले प्रहलाद का बाल बांका भी नहीं होता। भगवान धैर्य की परीक्षा जरूरत लेते हैं, लेकिन बचाने वाला परमात्मा ही है। जबकि आज इंसान थोड़ी विपत्ति आने पर ही मंदिर जाना छोड़ देता है।यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में आज रविवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहाकि आत्मकल्याण के लिए आराधना जरूरी है। जीवन को सुंदर बनाने के लिए मानव पाप और पुण्य के झमेले में न पड़े। जीवन सुंदर बनाना है तो अपना जीवन धर्म से जोड़ना होगा। पाप और पुण्य की दोस्ती अनादिकाल से जीवात्मा कर रही है। धर्म से दोस्ती करोगे तो जन्म-जन्मांतर का कल्याण हो जाएगा। देव, शास्त्र, गुरु और धर्म का हमेशा उपकार मानो, जो मानव को कर्तव्य पथ पर चलने की सीख देते हैं। धर्म आराधना के बाद ही मानव परमात्मा की शरण पा सकता है।

108 मंत्रो से किया भगवान जिनेंद्र अभिषेक

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज ने 108 विशेष मंत्रो का उच्चारण कर इंद्रो ने पीले वस्त्र धारण कर भक्तिभाव के साथ भगवान आदिनाथ जयकारों के साथ अभिषेक कर दीपकों से महाआरती की। मुनिश्री ने मंत्रो का उच्चारण कर शांतिधारा अनुराग जैन परिवार ने की। मुनिश्री के पादप्रक्षालन एवं शास्त्रभेट गुरुभक्तों ने किए। विधानचार्य विजय कुमार व ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन ने भक्तामर के 48 मंत्रों के उच्चारण के साथ विधानकर्ता सोहनलाल जी मनोज जैन कॉलेज व अनुराग श्वेता जैन परिवार सहित श्रद्धालुओं ने अष्टद्रव्य से पूजन कर भजन सम्राट शुभम जैन सैमी के भक्तिमय स्वरों के साथ भगवान आदिनाथ के समक्ष भक्तामर मंडप पर श्राद्ध भक्ति से साथ समर्पित करें।

संक्षिप्त समाचार

ईट राइट मेले का हुआ आयोजन

सांसद शेजवलकर ने रैली को दिखाई हरी झण्डी
कलेक्टर सिंह ने वितरित किए पुरस्कार

ग्वालियर । सही भोजन, बेहतर जीवन एवं लोगों में नई खाद्य संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से रविवार 7 अगस्त को ÷वॉकथॉन एवं ईट राइट मेला÷ का आयोजन हुआ। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से यहाँ बाल भवन में ÷ईट राइट मेला÷ लगाया गया। इससे पहले ÷वॉकथॉन÷ अर्थात ÷सही खान-पान÷ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यह रैली बाल भवन से शुरू होकर होटल तानसेन रेसीडेंसी, केन्द्रीय विद्यालय नं.-1, बस स्टेण्ड, स्टेशन बजरिया होते हुए वापस बाल भवन पहुँची। वॉकथॉन में विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने सहभागिता की। इस मौके पर एडीएम इच्छित गढ़पाले सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नईदिल्ली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नागरिकों में स्वच्छ खान-पान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में ईट राइट मेले लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को ग्वालियर में ईट राइट मेले का आयोजन किया गया।

आकर्षक प्रदर्शनी लगी

बाल भवन में रविवार को आयोजित हुए ईट राइट मेले में इंडियन होटल मैनेजमेंट, महिला बाल विकास, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्मार्ट सिटी, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा खाद्य पदार्थों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गईं। साथ ही अमूल पार्लर एवं साँची पार्लर द्वारा पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए फूड फोर्टिफिकेशन विषय पर केन्द्रित प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। मेले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की चलित लैब द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जाँच भी की गई।

जुम्बा डांस, चेयररेस व अन्य प्रतियोगिताएँ हुईं

सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य पदार्थों के सेवन, पौष्टिक व संतुलित आहार, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के उपाय एवं उचित खान-पान को बढ़ावा देने के लिये ईट राइट मेला में निबंध, भाषण, चित्रकला, मलखंब, जुम्बा डांस, चेयररेस व स्पून रेस जैसी प्रतियोगिताये भी हुईं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पुरस्कृत भी किया।

भगवान चित्रगुप्त और शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा 10 को

कलश यात्रा के साथ शुभारंभ एवं प्रसादी वितरण के साथ होगा समापन

ग्वालियर। माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में कायस्थों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा एवं भगवान शिव जी की मय परिवार प्रतिमाओं की प्रतिष्ठापना की तैयारियां आश्रम में सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री द्वारा पूरे वैदिक मंत्रों विधि विचार से की जा रही है। माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव ने प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया की आश्रम परिसर में कई बरसो से स्थित प्राचीन मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमाएं मौजूद थी जो खंडित अवस्था में पहुंच गई थी, उन प्रतिमाओं को विधि विधान से हटाकर और उनकी जगह शिव परिवार की नवीन प्रतिमाओं प्राण प्रतिष्ठा जाने की तैयारी जोरों पर है मंदिर की साज सज्जा का काम भी तेजी पर है और इसी के साथ कायस्थों के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमाएं शहर में विभिन्न मंदिरों में मौजूद थी लेकिन उनकी संख्या कम थी इसीलिए आश्रम परिसर में ही नवीन भवन का निर्माण कर भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर की स्थापना भी की जा रही है। प्रतिमाओं का विधि विधान से विभिन्न विभिन्न द्रव्यों द्वारा उनका पूजन प्रतिदिन जारी है। देव प्रतिमायें 10 अगस्त बुधवार को प्रात- 10 बजे से कलश फेरी के साथ नवीन मंदिर प्रांगण में पहुंचेगीं। जहां पर सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री द्वारा पूरे विधि विधान वैदिक मंत्रों उच्चारण सहित उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, इसी के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा।

दंत शिविरों के रूप में ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में अनूठी पहल हुई है : भारत सिंह

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने उटीला में किया दंत क्रांति शिविर का शुभारंभ

ग्वालियर । उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा प्रदेश सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मध्यप्रदेश का ऐसा पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहाँ आम जनता के दाँतों का मँहगा इलाज वृहद स्तर पर सरकार द्वारा अपने खर्चे पर कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विशेष रूचि लेकर इसके लिये धनराशि का इंतजाम कराया है। श्री कुशवाह ग्राम उटीला में रविवार से शुरू हुए दंत क्रांति शिविर के उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

शिविर में आधा दर्जन बुजुर्गों के बत्तीसी भी श्री कुशवाह की मौजूदगी में दंत चिकित्सकों द्वारा लगाई गई। इसके अलावा 31 अन्य बुजुर्गों के लिए भी बत्तीसी कर ली गई हैं। उटीला से पहले बेहट में आयोजित हुए दंत कांति शिविर में दंत परीक्षण के बाद इन बुजुर्गों को बत्तीसी लगाने के लिए चिन्हित किया गया था।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगाए जा रहे दंत क्रांति शिविर में आम जनता के दांतों का आधुनिक मशीनों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से निःशुल्क जाँच व उपचार तो होगा ही, साथ ही 20 से 25 हजार रूपए में लगने वाली दाँतों की बत्तीसी, 3 से 5 हजार रूपए में होने वाला रूटकेनाल ट्रीटमेंट, 15 से 25 हजार रूपए में होने वाला बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (ऑर्थो डॉन्टिक ट्रीटमेंट) भी सरकार के खर्चे पर किया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478